■ आषाढ़ कृष्ण - 8 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 330 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 29-06-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

तक्षिन் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 शेफाली वर्मा टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली महिला बनीं

6 त्याग और तलवार के धनी मेवाड़ उद्धारक भामाशाह

7 'कल्कि 2898 एडी' के लिए मैंने तुरंत हां कर दी थी : मृणाल ठाकुर

## फर्स्ट टेक

### 'कल्कि 2898 एडी' ने की पहले दिन 191.5 करोड़ रुपए की कमाई

नई दिल्ली/भाषा। नाग अश्विन की 3डी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने वैश्विक स्तर पर रिलीज के पहले दिन 191.5 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हिंदू महाकाव्य महाभारत और विज्ञान कथा का मिश्रण कही जाने इस फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज ने किया है और यह बृहस्पतिवार को छह भाषाओं में तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी में रिलीज हुई। इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे कलाकार हैं साथ ही दिशा पटानी, शाश्वत चटर्जी और शोभना ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है। वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्टर के माध्यम से फिल्म के पहले दिन के आंकड़े साझा किए जिसमें बताया गया कि कल्कि 2898 एडी ने 'ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (जीबीओसी)' में 191.5 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### इंडोनेशिया में साइबर अपराध से जुड़े 103 विदेशी गिरफ्तार

**जकार्ता/एजेन्सी।** इंडोनेशिया के आव्रजन महानिदेशालय ने साइबर अपराध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए बाली के रिसॉर्ट द्वीप के एक विला से 103 विदेशियों को गिरफ्तार किया है। आव्रजन महानिदेशक सिल्मी करीम ने शुक्रवार को कहा, इन पर अपने देशों में साइबर अपराध करने का संदेह है लेकिन ये बाली से काम कर रहे हैं। गिरफ्तार व्यक्तियों में 12 महिलाएं और 91 पुरुष है। उन्होंने बताया कि शुरू में उनके निवास परमिट के साथ कुछ अन्य मुद्दों पर संदेह होने के बाद सबूतों से साइबर धोखाधड़ी, सीमा पार स्किमिंग और ऑनलाइन जुए में उनकी संलिप्तता का पता चला।

### इजरायली सेना ने गाजा में ताजा हमले किये

**यरूशलेम/एजेन्सी।** इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास के सदस्यों को खत्म करने के लिए उत्तरी गाजा के शेजैया जिले में पहुंच गये हैं। आईडीएफ ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले दिनों उत्तरी गाजा पट्टी के शेजैया इलाके में आतंकवादियों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे की मौजूदगी का संकेत देने वाली खुफिया जानकारी के बाद आईडीएफ सैनिकों ने क्षेत्र में हमला शुरू कर दिया है। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित हमलों से पहले इजरायली वायु सेना ने शेजैया में हमास के दर्जनों ठिकानों पर हमला किया।

| सूर्यास्त 29-06-2024 | सूर्योदय 30-06-2024 |
|---|---|
| 6:39 बजे | 5:46 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 79,032.73 | 24,010.60 |
| (-210.45) | (-33.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,438 रु. | 94,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ घटना की उच्च स्तरीय जांच करने के निर्देश

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 (टी1) की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों से बात की और एक्स पर सुबह सात बजे अपनी पोस्ट में लिखा, टर्मिनल-1 दिल्ली हवाई अड्डे पर छत गिरने की घटना की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रथम उत्तरदाता साइट पर काम कर रहे हैं। साथ ही एयरलाइंस को टर्मिनल-1 पर सभी प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने हताहतों की पुष्टि की और मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को घटना की उच्च स्तरीय जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही अन्य सभी हवाई अड्डों का विस्तृत संरचनात्मक निरीक्षण किया जायेगा।

## नीट-यूजी पेपर लीक

### हजारीबाग में एक स्कूल प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई पेपर लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

## संविधान से खिलवाड़ करने वाले आज उसकी रक्षा की बात कर रहे : त्रिवेदी

### विपक्ष के नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा सदस्य ने किया दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में संविधान पर खतरा होने का आरोप लगाने के लिए कांग्रेस सहित विपक्ष के नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को दावा किया कि जिन लोगों ने विगत में कई बार संविधान के साथ खिलवाड़ किया, वे आज इसकी रक्षा की आवश्यकता की बात कर रहे हैं।

त्रिवेदी ने यह बात राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने के बाद इस पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष को यह अभी तक समझ नहीं आ रहा है कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के लिए तय किए गये नरेन्द्र मोदी की तुलना उन जवाहरलाल नेहरू से कैसे की जा सकती है क्योंकि दोनों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का अंतर है। त्रिवेदी ने कहा, ''नेहरू जवाहरात के लाल थे जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं मदन मोहन मालवीय, प्रणब मुखर्जी और पी वी नरसिंह राव को भारत रत्न मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उन्हीं के प्रधानमंत्रियों को भारत रत्न दिया गया।

## धनशोधन मामले में हेमंत सोरेन को मिली जमानत, जेल से रिहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



रांची/भाषा। झारखंड उच्च न्यायालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया।

अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ द्वारा पारित आदेश में कहा गया, ''...याचिकाकर्ता को 50,000 रुपये के जमानती मुचलके और इतनी ही राशि की दो प्रतिभूति के साथ जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है।''

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने बताया कि सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें अपराह्न चार बजे रिहा किया गया।

## सभापति ने अपमानित करने के लिए मुझे नजरअंदाज कर दिया : खरगे



नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था।

उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे।

## संसद में कांग्रेस ने दिया स्थगन प्रस्ताव

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आज स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव विजय वसंत ने पेश किया है जबकि राज्यसभा में रंजीता रंजन और नासिर हुसैन की तरफ से प्रस्ताव पेश किया गया है। बसंत ने कहा है कि आज 28 जून को संसद में पहले से सारे कार्यक्रम स्थगित कर नीट तथा पेपर लीक मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

## अमेरिका की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण, वोटबैंक की सोच से प्रेरित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी सरकार की रिपोर्ट में अपनी आलोचना पर शुक्रवार को असधारण तरीके से कड़ी प्रतिक्रिया दी। भारत ने रिपोर्ट के तथ्यों को 'पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण', 'वोट बैंक' की सोच से प्रेरित और आरोप एवं चुनिंदा तथ्यों के चुनाव का मिश्रण करार दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रिपोर्ट खारिज करते हुए कहा कि इसमें ''पहले से ही तय विमर्श'' को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है और यहां तक कि भारतीय अदालतों द्वारा सुनाए गए कुछ कानूनी निर्णयों की सत्यनिष्ठा को भी चुनौती दी गई है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता-2023 की रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों की हत्याओं और हमलों सहित हिंसक हमलों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा का भी हवाला दिया गया है।

जायसवाल ने कहा, ''अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह पूरा उपक्रम अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है।'' जायसवाल ने कहा, ''यह हमारे संवैधानिक प्रावधानों और भारत के विधिवत अधिनियमित कानूनों के चित्रण तक गया है। इसमें पूर्व में तय विमर्श को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है।''







## टी-20 विश्वकप के फाइनल में खिताब के लिए दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा भारत

### इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर भारत ने फाइनल में प्रवेश किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गयाना/एजेन्सी।** कप्तान रोहित शर्मा (57) और सूर्यकुमार यादव (47) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल के वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की भारतीय गेंदबाजों की तिगड़ी ने 16.4 ओवरों में 103 रन पर समेट कर 68 रनों से जीत दर्ज की। कप्तान जॉस बटलर ने 15 गेंदों में (23), हैरी ब्रूक 19 गेंदों में (25), जोफ्रा आर्चर 15 गेंदों में (21) तथा लियम लिविंगस्टन (11)रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड का शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारत ने इस जीत के साथ ही पिछली बार मिली अपनी हार का बदला चुका लिया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 2.4 ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिये। कुलदीप यादव ने 19 रन देकर तीन विकेट झटके। अक्षर पटेल को 23 रन देकर तीन विकेट मिले।

इससे पहले भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिये 172 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाजी विराट कोहली(9) का विकेट खो दिया। इसके बाद ऋषभ पंत भी (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। टीम का स्कोर जब आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन था तो बारिश शुरु हो गई। बारिश के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कमीना पड़ौसी

नापाक हमारा है दुश्मन,
हरदम तलवारें खिंची हुई।
खुद की औकात पता उसको,
फिर भी क्यों आँखें मिंची हुई।
ना फसल मोहब्बत की होगी,
नफरत से मिट्टी सिंची हुई।
उसकी हर गंदी हरकत पर,
मुट्ठियां हमेशा भिंची हुई।।

# मोदी सरकार ने महिलाओं का वास्तव में सशक्तीकरण किया : कविता पाटीदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी को रेखांकित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की एक सदस्य ने शुक्रवार को कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नारीशक्ति वंदन अधिनियम आदि वह कदम हैं जिनसे देश की आधी आबादी का वास्तव में सशक्तीकरण हुआ है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा ले रही भाजपा की कविता पाटीदार ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार की योजनाओं की वजह से पिछले एक दशक में महिलाओं का वास्तव में सशक्तीकरण हुआ है और यह पहले से अधिक मजबूत हुई हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में करीब 10 करोड़ महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का अभियान चलाया है और यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, ''महिलाओं का कौशल संपन्न बनाने के लिए, उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हजारों स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन दिए जा रहे हैं, ड्रोन पायलट बनने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे न केवल प्रौद्योगिकी से जुड़ रही हैं बल्कि अपनी स्थिति भी मजबूत कर रही हैं।'' पाटीदार ने कहा कि इसी तरह हाल में ही शुरू किए गए कृषि सखी कार्यक्रम के



तहत स्व-सहायता समूहों की 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए हैं और ''कृषि सखियों को खेती की आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीते 10 वर्ष में बने चार करोड़ मकानों में से ज्यादातर मकान महिलाओं को आबंटित हुए हैं और नए बनने वाले घरों में से भी ज्यादातर मकान महिलाओं को मिलेंगे। उन्होंने कहा ''भारत में हुए चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में है और एक भारत श्रेष्ठ भारत की हमारी परिकल्पना के चलते जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान हुआ है।''

पाटीदार ने कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर इसलिए भरोसा जताया क्योंकि यह चुनाव ईमानदारी, नीति, नीयत, निष्ठा, योजना और सुशासन का चुनाव था। दस साल में भारत का 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ कर पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाना बताता है कि मोदी सरकार की ईमानदारी, नीति, नीयत, निष्ठा, योजना और सुशासन देश को ऊंचाइयों तक लेजाने में कितना सक्षम है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में सरकार आधुनिक मानदंडों के आधार पर काम कर रही है ताकि भारत विकसित देश बन सके। भाजपा सदस्य ने कहा ''बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर मानते थे कि समाज की प्रगति निचले तबके की प्रगति पर निर्भर करती है। कोविड काल में गरीबों को मुफ्त अनाज देना, 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलना, शौचालयों का निर्माण आंबेडकर के सपने को हकीकत में बदलने की मुहिम है।'' पाटीदार ने कहा ''संविधान पर भ्रम फैलाने वाले याद करें कि संविधान पर भीषण हमला 25 जून 1975 में हुआ था जब देश में आपातकाल लागू किया गया था। तब कई परिवार बर्बाद हुए थे।'' वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के गोला बाबूराव ने कहा कि बदलती और दूरदर्शी सोच का इससे बेहतर उदाहरण और क्या हो सकता है कि एक आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशीमुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर सात जून को 655.82 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 98.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.96 अरब डॉलर रहा।

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.05 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 90 लाख डॉलर घटकर 4.57 अरब डॉलर रही।



## बीएसएफ प्रमुख ने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशेवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की।

बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए यह बैठक बुलाई थी।

सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए बीएसएफ के जम्मू 'फ्रंटियर' के दो-दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर कमांडर और बटालियन कमांडेंट ने बीएसएफ प्रमुख को सांबा सीमा क्षेत्र में तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बीएसएफ के जम्मू 'फ्रंटियर' के महानिरीक्षक डी के बूरा ने अग्रवाल को एक व्यापक प्रस्तुति दी, जिसमें सीमा सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर प्रभुत्व बनाए रखने के लिए बीएसएफ की रणनीतियों को शामिल किया गया।

## महाराष्ट्र बजट: मुंबई में पेट्रोल 65 पैसे, डीजल 2.60 रुपये सस्ता

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र में ईंधन पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में शुक्रवार को कटौती की। इससे पेट्रोल 65 पैसे प्रति लीटर और डीजल 2.60 रुपये प्रति लीटर सस्ता हो जाएगा।

यह घोषणा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार ने राज्य का सालाना बजट पेश करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल मुंबई महानगर क्षेत्र में लागू होगा। इस कदम से राज्य के खजाने पर 200 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

घोषणा के बाद संवाददाताओं से बातचीन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, '' बजट में वैट में कटौती का प्रस्ताव किया गया है। राज्य विधानसभा और विधान परिषद द्वारा बजट पारित होने के बाद यह निर्णय एक जुलाई से लागू हो जाएगा।''

# चुनावी साल में महाराष्ट्र सरकार ने पेश किया लोकलुभावन बजट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को पेश 2024-25 के बजट में महिलाओं, युवाओं और किसान समेत विभिन्न वर्गों के लिए कई लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की। इसमें 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता, परिवारों को साल में तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर, किसान अनुकूल कदम तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए 10,000 रुपये मासिक भत्ता देने जैसे कदम शामिल हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले यह बजट पेश किया गया।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 20,051 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा वाला बजट पेश किया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं



और किसानों सहित अन्य वर्गों के लिए कई रियायतों की घोषणा की, जिस पर 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। वार्षिक योजना 2024-25 में योजना व्यय के अंतर्गत 1.92 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया। शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार में वित्त मंत्री के रूप में अपना पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए पवार ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना, 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' (मेरी प्यारी बहन) योजना' की घोषणा। उन्होंने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था।

पवार ने कहा कि 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना के तहत 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। इस योजना का मकसद महिलाओं का समग्र विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है, जिसमें आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य तथा पोषण शामिल है।

मंत्री ने घोषणा की कि इस योजना के लिए हर साल 46,000 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा।

महिलाओं के लिए एक अन्य कल्याणकारी योजना 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' की घोषणा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ईंधन और महिलाओं के स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। उन्होंने कहा, '' महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। रसोई गैस सिलेंडर का इस्तेमाल बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह एक सुरक्षित ईंधन है। मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत हर परिवार को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे।''

इस योजना से 52,16,412 परिवारों को लाभ मिलेगा।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 4,600 से अधिक तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर पहुंचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कश्मीर घाटी पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी। 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा, बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्री 231 वाहनों के काफिले में श्रीनगर पहुंचे। कुलगाम के उपायुक्त (डीसी) अतहर आमिर खान ने संवाददाताओं को बताया कि बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों का उनके आगमन पर प्रशासन, नागरिक समाज के सदस्यों, व्यापार जगत, फल उत्पादकों और बाजार संघों द्वारा स्वागत किया गया। खान ने कहा, हम सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हैं। सभी के लिए उचित व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों का काफिला बालटाल और पहलगाम स्थित आधार शिविरों के लिए अलग-अलग रवाना हुआ, जहां से वे शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित भगवान शिव के अमरनाथ गुफा मंदिर तक की कठिन यात्रा करेंगे। अधिकारी ने कहा, 28 जून से 19 अगस्त तक विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे तथा लोगों की असुविधा को कम करने के लिए नियमित रूप से परामर्श जारी किया जाएगा।

# दिल्ली में भारी बारिश के बीच कई स्थानों में बिजली आपूर्ति बाधित रही

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह भारी बारिश हुई, जिसके चलते कई इलाकों में जलभराव हो गया। ऐसे में इन इलाकों में बिजली का करंट फैलने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर और कुछ क्षेत्रों में तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। द्वारका, जंगपुरा और लक्ष्मीनगर के लोगों ने बताया कि इन क्षेत्रों में सुबह बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई।

जंगपुरा के रहने वाले प्रणव मिश्रा ने बताया, ''भारी बारिश के कारण सुबह करीब तीन-चार बजे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी और कई घंटों के इंतजार के बाद शाम चार बजे बिजली पुन: बहाल हो सकी।'' निजामुद्दीन, जंगपुरा, द्वारका सेक्टर-सात, पीतमपुरा के कुछ हिस्से, रोहिणी, मॉडल टाउन, मुखर्जी नगर, तिमारपुर, हौजखास



के कुछ इलाके, ग्रीन पार्क, मायापुरी, संगम विहार, पहाड़गंज, सदर बाजार, राम नगर, बाड़ा हिंदू राव, करावल नगर, सोनिया विहार, सीलमपुर, लक्ष्मी नगर और त्रिलोक पुरी सहित कई इलाकों में अलग-अलग समय के दौरान बिजली आपूर्ति ठप रही। बीएसईएस डिस्कॉम (वितरण कंपनियां) बीआरपीएल और बीवाईपीएल के प्रवक्ता ने बताया, ''दिल्ली के कई इलाकों में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया और बिजली के तारों पर पेड़ तथा शाखाएं गिर जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर और विद्युत संबंधी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर जलभराव वाले तथा निचले इलाकों में बिजली आपूर्ति को काटना पड़ा।'' उन्होंने बताया कि ज्यादातर मामलों में बीएसईएस की त्वरित प्रतिक्रिया टीमों द्वारा बिजली आपूर्ति जल्द ही बहाल कर दी गई।

प्रवक्ता ने कहा, ''कुछ इलाकों में दोबारा से बिजली बहाल करने में थोड़ा ज्यादा समय लगा क्योंकि हमें पानी कम होने तक इंतजार करना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''220 केवी गोपालपुर से इंद्र विहार लाइन की डीटीएल आपूर्ति विफलता के कारण कुछ क्षेत्रों में दो से 10 मिनट के दौरान ही बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। टीपीपीडीएल की टीमों ने तेजी से काम किया और अधिकांश क्षेत्रों में 10 मिनट के भीतर आपूर्ति बहाल कर दी गई।''

डिस्कॉम के अधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बिजली की लाइनें, खंभे आदि क्षतिग्रस्त हुए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। हालांकि आपूर्ति बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था।

पूर्वी दिल्ली के ललिता पार्क निवासी रवि ने कहा, ''बारिश के दौरान और उसके बाद कई बार पांच से 10 मिनट के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हुई। यह परेशानी का सबब था क्योंकि सुबह-सुबह लोग दिल्ली जल बोर्ड के टैंकरों से पानी भरते हैं और काम पर जाने की तैयारी करते हैं।''

## मप्र : सिवनी में 60 से अधिक गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए उन्होंने पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायें को कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे। पुलिस ने अब तक इस मामले में कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पैसे के बदले में गोवंशीय पशुओं की हत्या का काम सौंपा था और स्थानीय निवासी (सिवनी के) भी अपराध में शामिल पाए गए। भोपाल में पुलिस मुख्यालय में मामले की निगरानी कर रहे हैं, क्योंकि इस घटना का उद्देश्य सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना था।

## ईडी ने आबकारी नीति मामले में नौवां आरोपपत्र दायर किया, विनोद चौहान का नाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया और नौवां आरोपपत्र दायर किया और विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को आरोपी बनाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

ईडी ने जांच के तहत मई में चौहान को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में नई और नौवीं अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई जिसमें आरोपी का नाम विनोद चौहान है। इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया वह 18वां व्यक्ति है। एजेंसी ने मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता तथा कई शराब कारोबारियों और अन्य को भी हिरासत में लिया था। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में एक अदालत में जमा आधिकारिक दस्तावेज में चौहान की कथित भूमिका का उल्लेख किया। ईडी ने कहा, ''के. कविता के स्टाफ सदस्य के बयान से पता चला उसने अभिषेक बोइनपल्ली के निर्देश पर आरोपी दिनेश अरोड़ा के कार्यालय से नकदी भरे दो भारी बैग लिए और विनोद चौहान को दिए।''

## एनआईए ने नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भाकपा (माओवादी) के एक सदस्य की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी के मामले में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। एनआईए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''समस्याग्रस्त क्षेत्र में आधा दर्जन जगहों पर गहन तलाशी ली गई और कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये नकदी के साथ दोष साबित करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए।'' उसने कहा कि जिन छह परिसरों में तलाशी ली गई वे कांकेर जिले के दूरदराज में स्थित मुजलगोंडी, कलमुचे, अमाबेडा और जिवालामरी गांवों में हैं। एनआईए इस साल पांच फरवरी को स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में कार्रवाई कर रही है।

# नीट-यूजी विवाद: छात्रों का एनटीए के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) स्नातक और स्नातकोत्तर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विद्यार्थियों द्वारा दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। वाम समर्थित छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) और दिल्ली विश्वविद्यालय के क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) सहित विभिन्न समूह जंतर मंतर पर एकत्र हुए और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया।

'इंडिया अगेंस्ट एनटीए' के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफे सहित विभिन्न मांग कर रहे हैं। कांग्रेस की युवा इकाई आईवाईसी सहित विभिन्न विद्यार्थियों ने बृहस्पतिवार को जंतर-मंतर पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था और वहां से प्राप्त तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया।

एक अन्य प्रदर्शन में कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स




यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ता ओखला स्थित एनटीए के मुख्यालय में दाखिल हो गए और एजेंसी के कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ताला जड़ दिया। पुलिस ने एनटीए कार्यालय पर हंगामा करने के मामले में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-186 (सरकारी अधिकारी को उसका कर्तव्य पालन करने से रोकने), 353 (लोकसेवक पर हमला), 452 (जबरन प्रवेश करने), 342/34 (अवैध रूप से बंधक बनाने) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान आईएसए और केवाईएस के कार्यकर्ताओं सहित करीब 60छात्रों को हिरासत में लिया।

छात्रों ने बुधवार को जंतर-मंतर पर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था और शाम पांच बजे के बाद उन्हें प्रदर्शन स्थल से हटने पर मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने रात धरना देने की कोशिश करने के कारण उन्हें हिरासत में लिया गया और अलग-अलग पुलिस थानों में ले जाया गया।

## 'नीट' मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक बाधित, विपक्ष ने किया वाकआउट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितताओं को लेकर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई।

तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर ढाई बजे जब राज्यसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई तो प्रमुख सदस्य तिरुचि शिवा ने सदन को बताया कि सदन में बेहोश हुई कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को रक्तचाप की शिकायत है। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, ''मैंने सभी कदम उठाए हैं, सदन का कामकाज स्थगित किया है। सभी व्यवस्थाएं की गई हैं और यही किया जा सकता था। सभी चीजों का ध्यान रखा जा रहा है।'' इससे पहले, सभापति धनखड़ ने उच्च सदन में वरिष्ठ विपक्षी नेताओं के आचरण पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा था कि ऐसा आचरण उन लोगों ने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। विपक्षी सदस्यों ने इस पर विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। सभापति ने कहा कि यह ''अविश्वसनीय'' है कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे विरोध करने के लिए सदन में आसन के समक्ष आ गए। यह मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था, मेरे लिए अविश्वसनीय था कि पांच दशकों से अधिक लंबा संसदीय अनुभव वाले नेता मल्लिकार्जुन खरगे सदन में आसन के समीप आ गए। उन्होंने विधानसभा और संसद दोनों में विपक्ष के नेता का पद संभाला है। सभापति ने कहा ''कांग्रेस पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समीप आ गए। यह मेरे लिए बहुत पीड़ादायक क्षण था। हम उम्मीद करते हैं कि विपक्ष के नेता और सदन के नेता ऐसे आचरण का अनुकरण करेंगे, जो अनुकरणीय हो।''



# नौसेना, तटरक्षक बल ने गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अगत्ती से कोच्चि पहुंचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने खराब मौसम के बीच बृहस्पतिवार को दो शिशुओं समेत गंभीर रूप से बीमार चार मरीजों को संयुक्त अभियान के तहत लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप से उपचार के लिए निकालकर अस्पताल पहुंचाया। एक सैन्य विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में बताया गया कि, लक्षद्वीप प्रशासन के आग्रह पर दो शिशुओं और दो वयस्क मरीजों को वहां से निकाला गया।

इसमें कहा गया कि अभियान दक्षिणी नौसेना कमान और तटरक्षक जिला मुख्यालय-4 की ओर से क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कारण खराब मौसम के बीच चलाया गया। अगत्ती में बृहस्पतिवार की दोपहर को नौसेना के डोर्नियर विमान और तटरक्षक बल को क्रमश: आईएनएस गरुड़ और सीजी एयर एन्क्लेव से भेजा गया। विज्ञप्ति में कहा गया कि अगत्ती में विमान के उतरने के बाद मरीजों को सुरक्षित रूप से विमान में लाया गया और शाम करीब सात बजे उन्हें कोच्चि पहुंचाया गया। इसके बाद मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, चिकित्सा उपचार के लिए किया गया यह कार्य एक बार फिर भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की किसी भी समय और कहीं भी संकट की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया और मानवीय सहायता के प्रति प्रतिबद्धता और तत्परता को प्रमाणित करता है।

# तमिलनाडु विस ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य को नीट से छूट देने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को एक बार फिर आम सहमति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से आग्रह किया कि वह राज्य को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) से छूट दे तथा 12वीं की परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की अनुमति दे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध और सदन से बहिर्गमन के बीच पारित प्रस्ताव में केंद्र से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में संशोधन करने और नीट में कथित अनियमितता के मद्देनजर कई राज्यों में विरोध बढ़ने के चलते देशव्यापी परीक्षा को समाप्त करने का आह्वान किया गया है। हालांकि, भाजपा की सहयोगी पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया। स्टालिन ने तर्क दिया है कि यह परीक्षा भेदभावपूर्ण है और ग्रामीण व गरीब छात्रों को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने के अवसर से वंचित करती है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' राज्यों को योग्यता मानदंड के रूप में 12वीं उत्तीर्ण छात्रों को चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश देने के उनके अधिकार से वंचित करती है। ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री ई.के.पलानीस्वामी ने द्रमुक पर नीट को समाप्त करने के लिए प्रयाप्त नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया, विधानसभा में तीसरी बार प्रस्ताव लाने का क्या औचित्य है?

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''यह द्रमुक सरकार का एक और राजनीतिक नाटक है। जनता अब ऐसे बेकार के राजनीतिक हथकंडे पर भरोसा नहीं करती जो कल्लाकुरिचि में जहरीली शराब से हुई मौतों को छिपाने के लिए अपनाई जा रही है।'' भाजपा नेता एन. नागेंद्रन ने कहा कि नीट की आवश्यकता है क्योंकि इसके कई लाभ हैं। इस तर्क पर कि गरीब और ग्रामीण छात्रों को परीक्षा के कारण चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने से वंचित होना पड़ता है, नागेंद्रन ने कहा कि तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा और तत्कालीन मुख्यमंत्री ए.के. पलानीस्वामी ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले राज्य सरकार के स्कूली छात्रों के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया था। नागेंद्रन ने कहा, नीट की आवश्यकता है। नीट के खिलाफ विधानसभा का प्रस्ताव अस्वीकार्य है और हम बहिर्गमन कर रहे हैं।

मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि 29 जून को समाप्त होने वाले संक्षिप्त सत्र के लिए सभी सदस्यों को कल्लाकुरिचि शराब त्रासदी पर सदन को बाधित करने के लिए निलंबित कर दिया गया था। स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि नीट ग्रामीण और गरीब छात्रों की पहुंच से चिकित्सा शिक्षा को दूर कर रही है और इससे ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में चिकिस्ता सेवा भी प्रभावित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, द्रमुक 2017 में नीट को अनिवार्य बनाए जाने के बाद से ही लगातार इसका विरोध कर रही है और इस परीक्षा को समाप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाया था।



# त्रिशूर में एर्नाकुलम-टाटा नगर एक्सप्रेस का इंजन और कुछ डिब्बे रेलगाड़ी से अलग हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**त्रिशूर।** एर्नाकुलम-टाटा नगर एक्सप्रेस रेल का इंजन शुक्रवार की सुबह केरल के त्रिशूर जिले से गुजरते समय रेलगाड़ी से अलग हो गया। रेलवे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार इंजन और कुछ डिब्बे ट्रेन के अन्य हिस्से से अलग हो गए। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, यह समस्या रेल के तीसरे कोच में सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समस्या दूर करते हुए रेलगाड़ी ने अपनी यात्रा फिर शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि घटना के समय रेल की रफ्तार धीमी थी, जिसके चलते कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, घटना के कारण का फिलहाल पता नहीं लगा है। हम इसके बारे में जांच करेंगे।

# 'पेटा इंडिया' ने केरल के इडुक्की में महावत की जान लेने वाले वाली हथिनी के पुनर्वास की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इडुक्की।** केरल के पहाड़ी इडुक्की जिले में कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित एक हाथी उद्यान में पिछले सप्ताह लक्ष्मी नामक एक हथिनी द्वारा महावत को मार दिये जाने के बाद पशु अधिकारवादी संगठन पेटा' ने राज्य के वन्यजीव विभाग से इस हथिनी का एक अभयारण्य में पुनर्वास कराने की अपील की है।

'द पीपुल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स' (पेटा) इंडिया ने एक बयान में केरल के इस अवैध सफारी पार्क को स्थायी रूप से बंद करने तथा वहां बंधक बनाकर रखे गये सभी हाथियों का पुनर्वास कराने का भी आह्वान किया है। 'पेटा इंडिया' की निदेशक खुशबू गुप्ता ने एक बयान में कहा, हाथियों को सालों तक जंजीरों में बांधकर एवं डरा-धमकाकर रखा जाता है, जिसके कारण डर और हताशा में वे हमला कर देते हैं। पेटा इंडिया मुख्य वन्यजीव वार्डन से अपील करती है कि वह तत्काल लक्ष्मी को देखभाल के लिए अभयारण्य में भेजकर उसे और उसके संपर्क में आने वाले लोगों की रक्षा करे और उन सभी अवैध पार्क को बंद करें, जो खतरनाक तरीके से हाथियों को पर्यटकों को ले जाने के लिए मजबूर करते हैं। 'पेटा इंडिया' ने बयान में अन्य घटनाओं का भी हवाला दिया, जहां दक्षिण राज्यों में जंजीरों में बांधकर रखे गये हाथियों ने लोगों पर हमला कर उन्हें



घायल कर दिया और उनकी जान ले ली। उसने कहा कि केरल समेत भारत में अवैध रूप से हाथियों को जंजीरों में बंधक बनाकर रखा जाता है और बिना अनुमति के उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है। उसने कहा, हाथी जंगली जीव होते हैं, जबकि किसी समारोह, सवारी, तमाशे या अन्य उद्देश्यों के वास्ते उनका इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए उन्हें हिंसक तरीके से काबू में लेकर प्रशिक्षित किया जाता है। (हाथियों पर) काबू पाने के लिए उनके साथ मारपीट की जाती है और उनपर हथियार का इस्तेमाल भी किया जाता है। उसने कहा, ''मंदिरों में बंधक बनाकर रखे गये या सवारी के लिए इस्तेमाल में लाये जाने वाले हाथियों के पैरों में बहुत पीड़ा होती है, घंटों तक जंजीर में बांधकर कंक्रीट पर रखने से उनके पैरों में जख्म हो जाते हैं, जो बहुत ही दर्दनाक होते हैं। उनमें से ज्यादातर को पर्याप्त भोजन-पानी, चिकित्सकीय देखभाल नहीं मिलती है, उन्हें उनके प्राकृतिक जीवन से वंचित कर दिया जाता है।''

पेटा ने कहा कि ऐसे में हाथी हताश और कुंठित होकर आक्रामक हो जाते हैं और कभी-कभी महावत, श्रद्धालु, पर्यटक या अन्य इंसान की जान ले लेते हैं।

# विपक्षी दलों ने सेंगोल के साथ ही तमिलनाडु की संस्कृति और वहां के लोगों का अपमान किया : जी के वासन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** तमिल मनीला कांग्रेस (एम) नेता जी के वासन ने संसद भवन में सेंगोल स्थापित किए जाने का विरोध करने के लिए शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना की और कहा कि ऐसा करके ना सिर्फ इस प्राचीन राजदंड का बल्कि तमिल संस्कृति और वहां के लोगों का अपमान किया गया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते हुए वासन ने तमिलनाडु के हालिया जहरीली शराब कांड का उल्लेख किया और कहा कि सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 'बहुत दुखद' है कि बृहस्पतिवार को लोकसभा के एक सदस्य ने सेंगोल के बारे में नकारात्मक बातें कही हैं। उन्होंने कहा, ''यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सेंगोल का मतलब है ईमानदारी, पारदर्शिता, स्पष्टवादिता, न्याय और समानता। विविधता में एकता हमारी



मजबूती है। हमारी संस्कृति और भाषाएं अलग-अलग हैं। प्रधानमंत्री ने बहुत सोच समझकर सेंगोल की स्थापना की (संसद में)। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी सदस्य सेंगोल का, हमारी संस्कृति का और लोगों का अपमान कर रहे हैं।''

गौरतलब है कि मोहनलालगंज सीट से सपा सांसद आर. के. चौधरी ने संसद भवन में सेंगोल स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए इस सिलसिले में 'प्रोटेम' स्पीकर भर्तृहरि महताब को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसके स्थान पर संविधान की विशाल प्रति स्थापित करने की मांग की थी। वासन ने कहा, ''मैं दक्षिण के, खासकर द्रमुक के सदस्यों से पूछना चाहूंगा कि उनका जनता को क्या जवाब है जब प्रधानमंत्री मोदी तमिल संस्कृति की बात करते हैं, तमिल भाषा से प्यार करते हैं और सेंगोल को महत्व देते हैं जो चोल सामाज्य से ताल्लुक रखता है।'' ज्ञात हो कि तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाली सरकार है। द्रमुक और कांग्रेस इंडिया' गठबंधन के घटक दल हैं।

वासन ने तमिलनाडु में हाल में हुए जहरीली शराब कांड का उल्लेख किया जिसमें पांच दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई और सौ के करीब लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा, ''यह मानव जनित आपदा है और इसे सही समय पर उपयुक्त कदम उठाकर टाला जा सकता था।'' वासन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के आगामी कार्यक्रमों की स्पष्ट रुपरेखा बताया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

# ईडी ने डीएमके के निष्कासित पदाधिकारी को मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के निष्कासित पदाधिकारी जाफर सादिक को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, संघीय एजेंसी जल्द ही 36 वर्षीय आरोपी को चेन्नई ले जाएगी और उसे धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश करेगी। इसके साथ ही उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए उसकी रिमांड की मांग करेगी।

सादिक को प्रवर्तन निदेशालय ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया, जहां वह एनसीबी के मामले में न्यायिक हिरासत में बंद है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की एक अदालत से पेशी के लिए वारंट मांगा जा रहा है, जिसके बाद उसे चेन्नई ले जाया जाएगा। ईडी ने चेन्नई में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले जेल में जाफर सादिक से पूछताछ करने के लिए अदालत से अनुमति प्राप्त की थी और इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। जाफर सादिक को सबसे पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन (दवा) की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए मार्च में गिरफ्तार किया था। इसकी बाजार में कीमत दो हजार करोड़ रुपये से अधिक है। धन शोधन का यह ताजा मामला नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और सीमा शुल्क विभाग द्वारा सादिक और उसके सहयोगियों के खिलाफ मादक पदार्थों के सीमा पार अवैध व्यापार में लिप्त होने के आरोप में दर्ज की गई अलग-अलग शिकायतों के आधार पर दर्ज किया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि जाफर सादिक कथित रूप से एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड है। इस पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्वास्थ्य-मिश्रण पाउडर और सूखे नारियल के रूप में एफेड्रिन की तस्करी करने का आरोप है। एनसीबी द्वारा मादक पदार्थ नेटवर्क से सादिक के कथित जुड़ाव और नाम का खुलासा किये जाने के बाद सत्तारूढ़ द्रमुक ने उसे निष्कासित कर दिया था। तमिलनाडु के कानून मंत्री और द्रमुक नेता एस रेगुपथी ने कहा कि उनकी पार्टी का सादिक से कोई संबंध नहीं है।

# चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की गई। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और फिलहाल वह केंद्रीय कारागार, पुझल में बंद है।



# सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं।

हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि शवों को शवगृह में ले जाया गया है और घायलों को हावेरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को संदेह है कि बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

उन्होंने बताया कि इस टक्कर के कारण शव वैन के क्षतिग्रस्त हिस्सों में फंस गए और अग्निशमन विभाग एवं पुलिसकर्मियों को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नागेश(50), विशालाक्षी (40), आदर्श (23), परशुराम (45), भाग्य (40), पुण्या (50), मनसा(24), रूपा (40), सुभद्रा बाई (65), मंजुला बाई (62) और मंजुला (50) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि नागेश, विशालाक्षी और अर्पिता (18) एक ही परिवार के थे। यह भी पता चला है कि नागेश वाहन चला रहा था। परिवार के एक सूत्र ने बताया, नागेश ने एक नयी वैन (टैंपो ट्रैवलर) खरीदी थी और उसने अपने माता-पिता एवं रिश्तेदारों के साथ महाराष्ट्र में तुलजा भवानी, सवदत्ती में रेणुका येल्लम्मा और बेलगावी के चिंचोली में मरियम्मा के दर्शन करने की योजना बनाई थी।

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज हावेरी में हुए भीषण हादसे में मरने वालों के परिजनों को सरकार की ओर से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं मृतकों की आत्मा को शांति मिले और ईश्वर उनके परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कर्नाटक के हावेरी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। पुलिस ने बताया कि हावेरी जिले के ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौराहे पर शुक्रवार को तड़के एक वैन और एक ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस घटना में दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।



राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, कर्नाटक के हावेरी जिले में हुई बस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई तीर्थयात्रियों की मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

# येडीयुरप्पा ने यौन उत्पीड़न मामले में पीड़िता और मां को 'चुप' रहने के लिए रुपये दिए : आरोपपत्र



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा पर लगे नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने आरोपपत्र में कहा है कि भाजपा नेता और तीन अन्य आरोपियों ने कथित पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने के लिए पैसे दिए थे। येडीयुरप्पा (81) पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा आठ (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 204 (साक्ष्य के रूप में दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को नष्ट करने) तथा 214 (अपराधी की जांच के बदले में उपहार की पेशकश) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

बृहस्पतिवार को यहां पॉक्सो मामलों के लिए 'फास्ट ट्रैक कोर्ट-एक' में दाखिल आरोपपत्र में येडीयुरप्पा के सहयोगियों और तीन अन्य सह-आरोपियों अरुण वाई एम, रुद्रेश एम और जी मारिस्वामी पर आईपीसी की धारा 204 और 214 के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोपपत्र के अनुसार, इस वर्ष दो फरवरी को पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे 17 वर्षीय कथित पीड़िता अपनी 54 वर्षीय मां (शिकायतकर्ता) के साथ यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित येडीयुरप्पा के आवास पर पिछले मामले और अन्य मुद्दों में न्याय दिलाने की गुहार लगाने गई थी। नाबालिग लड़की पहले भी यौन उत्पीड़न का शिकार हो चुकी है। आरोपपत्र के मुताबिक, येडीयुरप्पा ने नाबालिग लड़की की मां से बात करते हुए अपने बाये हाथ से पीड़िता की दाये हाथ की कलाई पकड़ी हुई थी। आरोपपत्र में बताया गया कि इसके बाद येडीयुरप्पा ने नाबालिग लड़की को हॉल के बगल में एक बैठक कक्ष में बुलाया और दरवाजा बंद कर दिया। फिर उन्होंने पीड़िता से पूछा कि क्या उसे उस व्यक्ति का चेहरा याद है, जिसने पूर्व में उसका यौन शोषण किया था, जिस पर पीड़िता ने दो बार जवाब दिया कि उसे याद है।सीआईडी ने आरोप लगाया कि इसके बाद येडीयुरप्पा ने पीड़िता से पूछा कि उस वक्त उसकी क्या उम्र थी, जिस पर लड़की ने जवाब दिया साढ़े छह वर्ष। आरोपपत्र के मुताबिक, इस वक्त येडीयुरप्पा ने लड़की से यौन उत्पीड़न का कथित प्रयास किया।

# युवा कांग्रेस के चुनाव में कथित फर्जी पहचान पत्र के इस्तेमाल का मुद्दा केरल विधानसभा में उठा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में कथित तौर पर इस्तेमाल किये गये फर्जी चुनाव पहचान पत्र (आईडी) का मुद्दा सत्तापक्ष के सदस्यों ने शुक्रवार को विधानसभा में उठाया, जिसपर कांग्रेस-नीत विपक्ष ने वाममोर्चा सरकार पर उसे प्रभावित कर रहे मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। प्रश्नकाल में जब विपक्षी सदस्यों ने हाल के लोकसभा चुनाव में वडकारा निर्वाचन क्षेत्र में कथित रूप से किये गये ऑनलाइन सांप्रदायिक प्रचार अभियान को लेकर सत्तारूढ़ वाममोर्चा पर निशाना साधा, तब फर्जी पहचान पत्र का मुद्दा उठाया गया।

प्रश्नकाल के दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता और वरकाला के विधायक वी ज्वॉय ने पिछले साल हुए केरल प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में फर्जी पहचान पत्र के कथित इस्तेमाल को लेकर दर्ज किये गये मामले के सिलसिले में एक प्रश्न किया। राज्य के संसदीय (विधायी) कार्य मंत्री एम बी राजेश ने इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सदन को बताया कि इस संबंध में तिरुवनंतपुरम के संग्रहालय थाने में एक मामला दर्ज किया गया है तथा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राजेश मुख्यमंत्री की ओर से जवाब देने के लिए अधिकृत किये गये थे।

राजेश ने कहा, निर्वाचन आयोग ने भी शिकायत दर्ज करायी है जिसके आधार पर अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी चुनाव पहचान पत्र बनाने के लिए उपयोग में लाये गये डिजिटल उपकरण को भी जब्त कर लिया गया है।

हालांकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि मंत्री और सत्तापक्ष के विधायक वटकारा में ऑनलाइन सांप्रदायिक प्रचार अभियान से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। वे युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के बारे में चर्चा करने पर मंत्री एवं विधायक का विरोध करते हुए आसन के समीप पहुंच गये।




# लैंगिक विषमताओं को दूर करने वाली शिक्षा ही सार्थक : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि महिला सशक्तिकरण का बड़ा आधार बालिका शिक्षा है और सिर्फ वही समाज तेजी से आगे बढ़ता है, जहां महिला शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए काम किया जाए। मिश्र ने यहां हनुमानगढ़ जिले के नोहर में गौरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर उच्च शिक्षा में बालिकाओं के लिए अधिकाधिक अवसर सृजित किए जाने पर भी जोर दिया।

मिश्र ने लैंगिक विषमताओं को दूर करते शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि लैंगिक विषमताओं को दूर करने वाली शिक्षा ही सार्थक शिक्षा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मिश्र ने कहा कि महिला शिक्षा ही हमारे राष्ट्र और समाज का आधार है।

उन्होंने कहा कि नारी शाक्ति से ही पृथ्वी गतिमान है। आधुनिक समय में भी महिलाएं संवेदनशीलता से सामूहिक हितार्थ निर्णय लेने में पुरुषों से आगे बढ़कर समाज का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

मिश्र ने कहा कि हमें मिलकर बेटियों को अवसर प्रदान करने चाहिए। हमारी शिक्षा ऐसी हो, जिससे उनके जीवन को उत्तम दिशा मिले। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा नीति में भी कक्षा छह से ही कौशल शिक्षा मिलेगी, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जागृत होगा और 'स्टार्टअप' व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर बिना बताये अंतिम संस्कार करने का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक, घटना लालसोट थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात को हुई। पुलिस उपाधीक्षक उदयसिंह मीणा ने बताया कि डिगो गांव में सुनीता देवी (21) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुराल पक्ष ने महिला के परिजनों को बताये बिना अंतिम संस्कार कर दिया।

उन्होंने बताया कि महिला के परिजनों की शिकायत पर विवाहिता के पति, सास-ससुर, ननद, चाचा ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मीणा ने बताया कि पुलिस के मौके पर पहुंचने तक विवाहिता का शव लगभग पूरी तरह से झुलस चुका था। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाए हैं और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अधिकारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं 304 बी, 498 ए और मारपीट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# मंत्री जोगाराम पटेल ने की जनसुनवाई, कहा- संकल्प को समय से पहले पूरा करने का प्रयास है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर । राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी फरियाद सुनी और समाधान के दिशा-निर्देश दिए। जोधपुर एयरपोर्ट रोड पर बारिश से जलभराव के चलते युवक की मौत पर उन्होंने कहा कि इस हादसे को लेकर हमें खेद है। जहां भी गलती हुई, उसे ठीक किया जाएगा, जहां नाले की सफाई नहीं हुई, वहां सफाई कराई जाएगी। जोधपुर के ड्रेनेज को दुरुस्त किया जाएगा, इसे लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं। भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो इसको लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की जा रही है। ड्रेनेज सिस्टम ठीक हो, इसकी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

शुक्रवार के औचक निरीक्षण को लेकर उन्होंने कहा कि कुड़ी हाउसिंग बोर्ड कार्यालय और पीएससी का निरीक्षण किया गया। कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचे, वहां खड़े लोगों का कहना था कि उन्हें रोज चक्कर काटने पड़ते हैं, समय पर काम नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसको लेकर अधिकारियों और सीएमएचओ को भी अवगत कराया गया है। हमारा प्रयास है कि औचक निरीक्षण कर सामाजिक सरोकार के जितने भी कार्यालय हैं, वहां समय पर कर्मचारी बैठें, जनता का काम तुरंत करें, उन्हें चक्कर नहीं कटवाया जाए। जो काम वाजिब नहीं है उसे स्पष्ट रूप से उन्हें बताएं। लेकिन समय पर नहीं आना, जनता को चक्कर कटवाना गलत है। इसे खत्म करना जरूरी है। हमारा प्रयास रहेगा कि एशिया की इस सबसे बड़ी कुड़ी पंचायत और उसके अस्पताल में अच्छी व्यवस्था हो।

सारण नगर सड़क पर बरसात के दौरान बहने वाली पानी को लेकर उन्होंने कहा कि कोई भी नाला अगर सड़क पर बहता है तो सड़क को नुकसान करता है। जनहानि होती है और गंदगी भी होती है, हम नहीं चाहेंगे कि कोई भी नाला ऐसे ही बहता रहे। हमारी सरकार पूरी तरीके से कटिबद्ध है। पहली बार जोधपुर में सामाजिक सरोकार के विषय हाथ में लिए गए हैं। लोगों को बढ़ी हुई पेंशन दी गई है। किसान सम्मान निधि, पेंशन, एमएसपी बढ़ाने के विषय में हमने जो भी संकल्प लिए हैं, उन्हें निर्धारित समय अवधि से पहले पूरा करने का प्रयास करेंगे।

फसलों के मुआवजे को लेकर किसानों के चक्कर काटने पर उन्होंने कहा कि बाजरे की फसल की बीमा राशि 99 प्रतिशत जारी कर दी गई है और लोगों को मिल भी चुका है। मूंग की फसल पर कंपनी ने ऐतराज जताया। जिला स्तरीय समिति ने उनके एतराज को अस्वीकार कर दिया है और कंपनी को फसल बीमा पैसा देने के लिए आदेश दे दिए गए हैं।

## राजस्थान में जनजाति बालक-बालिकाओं की शिक्षा प्राथमिक मुद्दा

उदयपुर। राजस्थान में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (टीएडी) ने जनजाति समाज के बालक-बालिकाओं के लिए शिक्षा एवं उनके शैक्षणिक उत्थान को प्राथमिक मुद्दा बनाया है तथा इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए वर्तमान में विभाग की विभिन्न योजनाएं संचालित हैं जो इन समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक इन योजनाओं में मुख्य रूप से जनजाति समुदाय के बालक-बालिकाओं को मौलिक शिक्षा के साथ-साथ समाज में समाहित और समर्थ नागरिक बनाने हेतु निःशुल्क आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की योजनाएं संचालित की जा रही है। उदयपुर जिले के अनुसूचित क्षेत्र में 5 हजार 535 बालक-बालिकाओं की क्षमता के 85 आश्रम छात्रावास (44 बालक छात्रावास, 41 बालिका छात्रावास) माडा क्षेत्र में सौ विद्यार्थियों की क्षमता वाले एक बालक आश्रम छात्रावास तथा बिखरी क्षेत्र में पचास-पचास विद्यार्थियों की क्षमता के 3 बालिका आश्रम छात्रावास संचालित किये जा रहे है।

इसी प्रकार जिले में 2 हजार 50 विद्यार्थियों की क्षमता के 8 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, 350 विद्यार्थियों की क्षमता का एक बालिका आवासीय विद्यालय, तथा 350 विद्यार्थियों की क्षमता का उदयपुर के ढिकली में एक मॉडल पब्लिक आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है।

# मानसून आगे बढ़ा, कई जगह मध्यम से भारी बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है जहां बीते चौबीस घंटे में कई जगह मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कई जगह भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग के कुछ भागों में तथा पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा व जयपुर संभाग के अनेक भागों में बादलों के गर्जन के साथ मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई है।

सर्वाधिक बारिश पश्चिमी राजस्थान के मारवाड़ जंक्शन, पाली में 72 मिलीमीटर व पूर्वी राजस्थान में मसूदा, अजमेर में 91.5 मिलीमीटर दर्ज की गई है।

इसके अनुसार शुक्रवार को भी भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। साथ ही उत्तर-पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है।

केंद्र ने पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 29 जून से दो जुलाई के दौरान भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके अनुसार भरतपुर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में 29 जून से दो जुलाई के दौरान कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है।



# 'कैच द रेन' से राज्य में वर्षा जल संचयन को करें सुनिश्चित : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहली बार नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह वर्धन के लिए 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 20 हजार से अधिक नवनियुक्त राज्य कार्मिक शामिल होंगे। पंत शुक्रवार को शासन सचिवालय में सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव राज्य सरकार द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है। यह उत्सव राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। ऐसे में सभी संबंधित विभाग इस आयोजन को सफल बनाएं।

बैठक में जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए पन्त ने कहा कि मरू प्रदेश होने के कारण राज्य में जल संरक्षण की महती अवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्षा जल का संचयन किया जाएं और भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किये जाएं। उन्होंने मानसून में अधिक से अधिक वर्षा जल के संचयन के उद्देश्य से राज्य में 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' को गति देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें समय-समय पर अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों-कार्मिकों की कार्यकुशलता और अनुशासन की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को आगामी विधानसभा बजट सत्र की समुचित तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों के औसत ईफाइल निस्तारण समय के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया ।

पंत ने कहा कि स्वयं के व्यक्तित्व विकास के लिए हमें नित नया सीखने की ललक रखनी चाहिए। उन्होंने मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर विभिन्न विभागों की स्थिति की समीक्षा की। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने बताया कि 26 जून 2024 तक पोर्टल पर 4 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। पोर्टल पर सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन के लिए पंत ने शिक्षा विभाग की सराहना की। साथ ही अन्य विभागों को पोर्टल पर उपलब्ध 1073 कोर्सेस पर अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय भर्ती एवं पदोन्नति प्रकियाओं में तेजी लाने, प्री-लिटिगेशन एवं ऑडिट कमेटी की समयबद्ध बैठकें और जिला प्रभारी सचिवों द्वारा निरीक्षण, दौरे एवं रात्रि चौपाल को सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा श्रीमती शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रीमती श्रेया गुहा एवं सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी थानेदारनी मोना के घर मिले 7 लाख रुपए, वर्दी, और दस्तावेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस अकादमी में फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर ट्रेनिंग करने वाली मूली उर्फ मोना बुगालिया के किराए के मकान की पुलिस ने तलाशी ली। सर्च के दौरान मकान में 7 लाख रुपए, पुलिस की वर्दी और कई तरह के दस्तावेज मिले है। दस्तावेजों की जांच की जाएगी। फर्जी सब इंस्पेक्टर महिला के कमरे में तीन अलग-अलग पुलिस वर्दी बरामद हुई। इसके अलावा उसके कमरे से 7 लाख रुपए की नगदी भी मिली। पिछले वर्ष इस महिला के फर्जी सब इंस्पेक्टर होने का मामला सामने आया था। तब से यह महिला फरार है, पुलिस आरोपी महिला की लगातार तलाश कर रही है।

फर्जी महिला सब इंस्पेक्टर नागौर निवासी मूली उर्फ मोना के खिलाफ पिछले साल शास्त्री नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ था। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान उसके कमरे से सात लाख रुपये बरामद किए। इसके अलावा उसके कमरे से तीन अलग-अलग पुलिस की वर्दी भी मिली है। पुलिस ने बताया कि फर्जी पुलिसकर्मी मोना नागौर की रहने वाली है, उसके पास बीए और बीएड की डिग्री है। फर्जी सब इंस्पेक्टर के कमरे से आरपीए के इंटरनल एग्जाम के पेपर और अन्य दस्तावेज मिले हैं।



इस उपनिरीक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप में किसी विषय पर बहस के दौरान उपनिरीक्षक को धमकी देने से मोना का फर्जीवाड़ा उजागर हो गया। अब आरपीए ने मोना के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में मामला दर्ज कराया। नागौर जिले के निंबा का बास निवासी मोना बुगालिया सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मोना का सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में चयन नहीं हुआ। तीन साल पहले जब फाइनल रिजल्ट आया, तो मोना ने सब-इंस्पेक्टर पद पर अपने चयन की खबर सोशल मीडिया पर फैला दी। चयन पर रिश्तेदारों व गांव के लोगों ने बधाई दी है। पुलिस ने बताया कि फर्जी सब इंस्पेक्टर बनी मोना खुद को आईबी का अफसर बताती थी। इसको लेकर वह लोगों में अपना रौब झाड़ती थी।

आरोपी मोना ने बिना भर्ती परीक्षा पास किया 2 साल तक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने एडीजी के साथ टेनिस भी खेली और पूर्व डीजीपी की बेटी की शादी में शामिल भी हुई।

# राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कोयला खनन में केन्द्र से मिलेगा पूर्ण सहयोग : रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर, 28 जून। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान नागर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष प्रदेश में बिजली एवं कोयले की आपूर्ति में सुधार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। इस पर केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

केंद्रीय विद्युत मंत्री से संसद भवन स्थित कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, नए 33/11केवी जीएसएस निर्माण, फीडर सेपरेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। केन्द्रीय बिजली मंत्री ने नागर को आश्वस्त किया कि राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से जो प्रस्ताव राजस्थान सरकार की ओर से आएंगे उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य की 60 अनुपात 40 की वित्तीय भागीदारी से यह योजना संचालित होती है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजस्थान की ओर से इस योजना में 10 हजार करोड़ रूपयों के कार्यों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए भिजवाए जाने हैं। नागर ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को राजस्थान के प्रवास पर आने के लिए आमंत्रित किया। मनोहर लाल ने कहा कि वे बजट सत्र के बाद इस संबंध में केन्द्रीय अधिकारियों से चर्चा कर राजस्थान के दौरे की रूपरेखा तैयार करेंगे।

शास्त्री भवन में कोयला मंत्री रेड्डी से हुई मुलाकात के दौरान नागर ने उन्हें कोयले की आपूर्ति एवं इसके खनन से संबंधित प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने रेड्डी को बताया कि राजस्थान को आवंटित कैप्टिव माइंस हस्तांतरित हो जाती है तो कोयले की कोई कमी नहीं रहेगी तथा कोल इंडिया एवं अन्य स्रोतों से कोयले की खरीद पर होने वाले 40 प्रतिशत के अतिरिक्त वित्तीय भार का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इसका लाभ प्रदेश के बिजली तंत्र एवं उपभोक्ताओं को होगा। रेड्डी ने इस संबंध में केंद्र सरकार के स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## देवनानी की लोकसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात

जयपुर। राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने सभी मंत्रियों को उनके नए कार्यभार के लिए शुभकामनाएं दी। देवनानी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मिलने के लिए संसद भवन गए। वहां उन्होंने बिड़ला को गुलदस्ता भेंट किया और दूसरी बार लोकसभाध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

विधानसभाध्यक्ष ने केन्द्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर उन्हें बधाई दी। केन्द्रीय मंत्री से देवनानी की यह शिष्टाचार भेंट थी। देवनानी ने प्रदेश के जोधपुर से सांसद और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट कर उनको नए दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विधानसभा अध्यक्ष ने राजस्थान के अलवर से सांसद और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। केंद्रीय मंत्री से उनकी मुलाकात पर्यावरण भवन स्थित कार्यालय में हुई।

# राजस्थान आवासन मण्डल के बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स किए गए तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए एकीकृत बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स यानि ठैत-2024 तय कर दी गई है। राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष टी. रविकांत ने शुक्रवार को मंडल कार्यालय में इङ्ख -2024 का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि तक राजस्थान आवासन मंडल द्वारा ठक्ह इङ्ख -2013 पर कार्य करवाए जा रहे थे। अब बाजार दरें बढ़ने के कारण मंडल द्वारा 1 जुलाई 2024 से प्रदेशभर में लागू किया जाएगा।

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से तय की गई इङ्ख के तहत बिल्डिंग वर्क्स, सेनिटरी वर्क्स, इलेक्ट्रिक वर्क्स, लिफ्ट वर्क्स, हॉर्टिकल्चर वर्क्स, रोड वर्क्स और अन्य विविध कार्य करवाए जाएंगे। बीएसआर-2024 की दरें बाजार दरों के अनुसार ही तय की गई हैं। आवासन मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कई कार्यों के लिए अब तक मार्केट रेट्स पर निर्भरता बनी रहती थी। लेकिन इङ्ख के तय होने से अब ये निर्भरता खत्म होगी और सभी कार्य इन्हीं रेट्स के हिसाब से करवाए जा सकेंगे।

राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष टी. रविकांत ने कहा कि जिस तेजी से मंडल की ओर से आमजन को आवास उपलब्ध करवाए जाने का कार्य किया जा रहा है,उसे देखते हुए इन कार्यों में समरूपता और सुगमता लाने के लिए इङ्ख तय किया जाना जरूरी है। ऐसे में इन बीएसआर से मंडल की ओर से करवाए जाने वाले सभी कार्यों में भी इसी व्यवस्था के तहत बेहतर और समयबद्ध रूप से कार्य होने की उम्मीद की जाती है। आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आवासन मंडल की ओर से तय किए गए ठैत सभी अभियंताओं और अधिकारियों की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि आवासन मंडल की टीम आगे भी इसी तरह सकारात्मक परिणाम सामने लाती रहेगी।

इस अवसर पर आवासन मंडल के चीफ इंजीनियर अमित अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए बीएसआर का तय किया जाना बेहद जरूरी होता है। चूंकि ये पूरे मार्केट का एनालिसिस होता है, ऐसे में आगे आने वाले कार्यों में और बेहतर गुणवत्ता के लिए इङ्ख तय किए जाने का परिणाम भी दिखने लगेगा।

## विधानसभा के सत्र से पहले दो जुलाई को होगी सर्वदलीय बैठक

जयपुर। राजस्थान में तीन जुलाई को शुरु होने वाले सोलहवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र से एक दिन पहले दो जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि विधानसभा के आगामी सत्र में सभी को साथ लेकर चलने के बेहतर प्रयास किये जायेंगे और सोलहवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र के आरंभ होने से पहले दो जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई हैं।

# राज्यसभा : सभापति धनखड़ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे ने आसन के समक्ष आकर तोड़ी परंपरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ।

सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब आधे घंटे के भीतर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके बाद बैठक पुन: शुरू होने पर भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पर अपनी बात को आगे बढ़ाया। त्रिवेदी के भाषण के बीच ही सदन के नेता जे पी नड्डा ने चर्चा में व्यवधान को लेकर विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधा।

नड्डा की बात खत्म होते ही सभापति धनखड़ ने कहा, ''आज का दिन भारतीय संसद के इतिहास में इतना दागी हो गया है कि प्रतिपक्ष के नेता स्वयं आसन के समक्ष आए हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा कभी नहीं हुआ है। मैं पीड़ित हूं। मैं अचंभित हूं।



भारतीय संसदीय परंपरा इतनी गिर जाएगी कि प्रतिपक्ष के नेता आसन के समक्ष आएंगे, उप नेता (विपक्ष के) आसन के समक्ष आएंगे।'' इसके बाद उन्होंने सदन की बैठक दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सदन के नेता नड्डा ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा में विपक्ष द्वारा उत्पन्न किए जा रहे व्यवधान की ओर संकेत करते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को सदन की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह तय हुआ था कि राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद ज्ञापन पर चर्चा के लिए 21 घंटे आवंटित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस के उप नेता और तृणमूल कांग्रेस के नेता शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में रिकार्ड है क्योंकि इससे पहले इस चर्चा के लिए कभी 21 घंटे आवंटित नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि बैठक में सहमति होने के बावजूद आज सबेरे कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाया गया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा नहीं है कि पहले नीट का मुद्दा नहीं था। उन्होंने कहा कि नीट का मुद्दा कार्य मंत्रणा समिति में उठाया जा सकता था किंतु उनकी (विपक्षी नेताओं की) मंशा नहीं थी, उनकी मंशा सदन को बाधित करने की थी। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बात को लेकर प्रतिबद्ध थी कि उसे चर्चा में भाग नहीं लेना है। उन्होंने कहा, ''वे पहले ही तय कर चुके थे, वे पहले से ही कृत संकल्पित थे इसलिए (चर्चा में भाग लेने वाले) वक्ताओं की सूची में किसी कांग्रेस नेता का नाम नहीं है। यह दर्शाता है कि वे चर्चा को लेकर गंभीर नहीं हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर होने वाली 21 घंटे की चर्चा के दौरान विपक्ष के पास इस बात का पूरा अवसर है कि वे नीट के मुद्दे को उठाकर अपनी पूरी बात रखें। उन्होंने कहा कि सरकार उनका जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है और जवाब दिया भी जाएगा।

हंगामे के दौरान आसन के समक्ष आकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों में से एक की ओर इशारा करते सभापति ने कहा, ''आप तो एक प्रकार से नाच रहे हैं। क्या ऐसा होना चाहिए?''

## ओडिशा

# कटक में बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के कटक शहर के सीडीए क्षेत्र में शुक्रवार को एक बस में आग लग गई। एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इस आग में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ।

यह बस पुरी से कटक जा रही थी और कटक शहर के सीडीए सेक्टर-नौ में अचानक उसमें आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, सरकारी बस में कुछ लोग यात्रा कर रहे थे, तभी उसमें आग लग गई। हालांकि, आग लगने की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कटक के सहायक अग्निश्मन अधिकारी संजीव बेहरा ने बताया कि बस के इंजन से निकल रहे धुएं को देखकर चालक ने बस रोक दी और यात्रियों से बस से नीचे उतरने को कहा। बेहरा ने बताया कि सबसे पहले बिदानासी फायर स्टेशन से एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और उसके बाद कटक शहर से एक और दमकल सेवा दल मौके पर पहुंचा। उन्होंने बताया की आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि जब तक दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया, तब तक बस जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



## प्रधानमंत्री मोदी संसद में नीट पर चर्चा नहीं चाहते: राहुल गांधी

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता से जुड़े मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में चर्चा नहीं चाहते, जबकि उन्हें खुद छात्रों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की अगुवाई करनी चाहिए। राहुल गांधी ने सदन में इस विषय को उठाया और राष्ट्रपति के अभिभषण से अलग इस विषय पर चर्चा की मांग की, हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सबसे पहले इस पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है और अलग से किसी विषय पर चर्चा की परंपरा नहीं रही है। कांग्रेस का दावा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जब नीट के विषय पर बोल रहे थे, तो बीच में ही उनका माइक बंद कर दिया गया।

नीट के मामले पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा, ''जहां तक नीट का सवाल है, यह एक त्रासदी हुई है और हर कोई जानता है कि पेपर लीक हुआ और लोगों ने हजारों करोड़ रुपये बनाए। छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं को नष्ट कर दिया गया और उनका उपहास उड़ाया गया।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए, कल विपक्ष की बैठक में मैंने छात्रों का मुद्दा उठाया और कहा कि हमें इस पर पूरे एक दिन चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि हम अपने छात्रों की परवाह करते हैं, हम अपने छात्रों पर विश्वास करते हैं, जो हमारे देश का भविष्य हैं।''

## बीआरएस विधायक काले यादैया कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में चेवेल्ला से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक काले यादैया शुक्रवार को सत्तारूढ़ दल कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस सूत्रों ने यहां बताया कि यादैया दिल्ली में मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, तेलंगाना में पार्टी मामलों की प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए। पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से यादैया बीआरएस के छठे विधायक हैं, जो कांग्रेस में शामिल हुए हैं। यादैया से पहले 23 जून को जगतियाल के विधायक संजय कुमार कांग्रेस में शामिल हुए थे। इससे पहले, बीआरएस विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी, कादियम श्रीहरि, दानम नागेंद्र और तेलम वेंकट राव कांग्रेस में शामिल हो गए थे। बीआरएस विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने पर आपत्ति जताते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी ने अतीत में भी इसी तरह के दलबदल देखे थे, जब कांग्रेस सत्ता में थी और उसे अंततः 'झटका' लगा था। हालांकि, बृहस्पतिवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में रेवंत रेड्डी ने बीआरएस पर सत्ता में रहने के दौरान दल-बदल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में बीआरएस ने कुल 119 विधानसभा सीटों में से 39 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस 64 सीटों के साथ सत्ता में आई थी। सिकंदराबाद छावनी सीट से बीआरएस विधायक जी लस्या नंदिता की इस साल की शुरुआत में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## बंगाल में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने भाजपा महिला मोर्चा की महिला नेता की पिटाई की : शुभेंदु



**कूच बिहार/कोलकाता/भाषा।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने उनकी पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की एक महिला नेता के साथ मारपीट की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने कहा कि उन्होंने घटना के बारे में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को पत्र लिखकर 25 जून को हुई घटना की जानकारी दी और उनसे इसकी जांच कराने का अनुरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया, ''भाजपा महिला मोर्चा की एक महिला नेता की गोखसदांगा में तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने पिटाई की। सार्वजनिक रूप से उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। इस समय वह एक अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही।'' अधिकारी ने उम्मीद जताई कि एनएचआरसी, एनसीडब्ल्यू और एनसीएम की टीम जल्द इलाके का दौरा करेंगी। महिला नेता ने अस्पताल से कहा, ''तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने कहा कि वे मुझे भाजपा के साथ जुड़े होने की सजा दे रहे हैं।'' तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया और दावा किया कि घटना संपत्ति के एक विवाद से संबंधित है।

## चुनाव में विपक्ष ने संविधान बदले जाने और आरक्षण छीनने का झूठा विमर्श फैलाया : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्ष पर संविधान को बदलने और आरक्षण हटाए जाने का 'झूठा' विमर्श फैलाने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता बृजलाल ने शुक्रवार को कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के माध्यम से जिनको नागरिकता दी जा रही है, उनमें सबसे अधिक संख्या दलितों की है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य बृजलाल ने कहा कि चुनाव में दो 'झूठे' विमर्श फैलाये गये। उन्होंने कहा कि पहला विमर्श तो यह था कि भाजपा यदि सत्ता में आयेगी तो संविधान बदल देगी और दूसरा विमर्श दलितों में फैलाया गया कि भाजपा दलित, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीन लेगी। उन्होंने दावा किया कि इन विमर्श को फैलाने में विदेशी शक्तियों का हाथ था। उन्होंने कहा कि ऐसी



विदेशी शक्तियां भारत का विकास नहीं देख सकती और उनका एक ही लक्ष्य था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाओ। बृजलाल ने कहा कि दलितों को बहुत भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून के माध्यम से जिनको नागरिकता दी जा रही है, उसमें दलितों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इसी सीएए का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की जड़ों और डीएनए में तानाशाही थी इसीलिए उसने 25 जून 1975 को आपातकाल लगा दिया था। उन्होंने न्यायाधीश जगमोहन सक्सेना का हवाला देते हुए कहा कि उस समय न्यायपालिका को धमकी दी जाती थी।

## चुनावों में प्रलोभन देकर जीतने वाले उम्मीदवारों की सदस्यता रद्द की जाए : रास में हुई मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने कांग्रेस पर चुनावों में मतदाताओं को 'झूठे प्रलोभन' देने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से मांग की कि उसे इस पर रोक लगाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने चाहिए तथा इस प्रकार से जीत दर्ज करने वाले सांसदों की सदस्यता रद्द कर देनी चाहिए। भाजपा के अनिल बोंडे ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि उसकी आदत भ्रष्टाचार करने की है और पकड़े जाने पर वह एजेंसियों पर ही सवाल उठाने लगती है और न्यायिक व्यवस्था की आलोचना करने से भी परहेज नहीं करती है।

बोंडे उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग ले रहे थे। लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''अब उसे झूठे प्रलोभन की आदत पड़ गई है। जहां कांग्रेस के उम्मीदवार थे वहां लोगों से यह कहते हुए फॉर्म भरवा लिए गए कि



पार्टी के उम्मीदवारों की जीत पर उनके खातों में 8,500 रुपये खटाखट, खटाखट आएंगे।'' उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं, खासकर मुस्लिम महिलाएं- सांसदों और कांग्रेस कार्यालयों में पहुंच रही हैं और उनसे कह रही है कि 'पैसे निकालो फटाफट, फटाफट' लेकिन कांग्रेस वाले भाग रहे हैं 'सटासट, सटासट, सटासट'। बोंडे ने कहा, ''लेकिन मेरा कहना है कि इनका निर्वाचन रद्द करो फटाफट, फटाफट। प्रलोभन देने के बाद जो वोट लेता है तो यह आचार संहिता का उल्लंघन है। इसलिए कार्रवई होनी चाहिए। मैं मांग करता हूं कि जहां-जहां प्रलोभन दिया गया है...उनके नेता ही बोल रहे थे कि खातों में रुपये आएंगे खटाखट। मैं चुनाव आयोग से इस संबंध में अपील करता हूं।''

ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी जनसभाओं में कहा था कि अगर चुनाव में उनकी पार्टी की जीत हुई तो एक जुलाई, 2024 की सुबह गरीब परिवार की महिलाओं के बैंक खातों में 8500 रुपये दिए जाएंगे।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ ही आज दुनिया भर में भारत के नेतृत्व की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि यह अनुकूल समय है कि सभी मिलकर विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खुद को झोंक दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने और आरक्षण खत्म कर देने जैसी अफवाहें फैलाई गईं लेकिन अफसोस की बात यह है कि ऐसा करने वाले वही लोग थे जिन्होंने संविधान की मूल भावना को कुचलने का काम किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना के मिलिंद देवड़ा ने कहा कि वह एक दशक के बाद संसद पहुंचे हैं और इस दौरान बहुत कुछ बदल गया है।



## मुझे झूठे मामले में फंसाकर पांच महीने जेल में बिताने को मजबूर किया गया: हेमंत सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें धन शोधन के एक मामले में फंसाया गया और उन्हें करीब पांच महीने जेल में बिताने के लिए मजबूर किया गया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने कहा कि वह इस बात से चिंतित हैं कि देश में किस तरह से नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की आवाज दबाई जा रही है। बिरसा मुंडा जेल से रिहा होने के बाद सोरेन ने संवाददाताओं से कहा, ''मुझे फंसाया गया। मेरे खिलाफ साजिश रची गई और मुझे पांच महीने जेल में बिताने के लिए मजबूर किया गया।'' झारखंड उच्च न्यायालय ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में हेमंत सोरेन को जमानत दी। सोरेन ने कहा, ''मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं। अदालत ने अपना आदेश सुनाया और मैं जमानत पर बाहर हूं। लेकिन न्यायिक प्रक्रिया लंबी है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा है। सोरेन ने कहा, ''जो जंग मैंने शुरू की थी, उसे मैं ही खत्म करूंगा।'' सोरेन को 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

## बर्गर किंग हत्याकांड मामले में पुलिस ने की पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में स्थित एक रेस्तरां में हाल ही में हुई एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वह व्यक्ति है जो कथित तौर पर हत्या करने के लिए दो 'शूटर' को अपने वाहन में लेकर घटनास्थल पर आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी से मामले में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 18 जून को राजौरी गार्डन के जे 'ब्लॉक' में स्थित रेस्तरां 'बर्गर किंग' के अंदर एक महिला के साथ बैठे हरियाणा निवासी अमन जून (26) की दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया था कि मृतक को 38 गोलियां लगी हैं। पुलिस ने कहा था कि जून की हत्या जेल में बंद 'गैंगस्टर' नीरज बवाना और अशोक प्रधान के बीच 'गैंगवार' का नतीजा थी। तीन अन्य संदिग्ध जून के साथ आई महिला और दो हमलावर अभी भी फरार हैं।

## 'विश्व कप के खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए शुक्रवार को कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा की कप्तानी का अहम योगदान रहा है।

भारतीय टीम बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेले जाने वाले मैच में जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी।। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, ''मैं रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन का चक्र है कि जो छह महीने पहले वह मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।''

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस पूर्व अध्यक्ष ने खुलासा किया कि विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार नहीं थे। गांगुली ने कहा, ''रोहित दो विश्व कप फाइनल खेले हैं। यहां अब तक टीम का अभियान अजेय रहा है। यह उनकी नेतृत्व के गुणों को दर्शाता है। मुझे उनकी सफलता पर आश्चर्य नहीं है क्योंकि वह तब कप्तान बने जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष था। उस समय विराट कोहली कप्तानी नहीं करना चाहते थे।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें कप्तान की जिम्मेदारी लेने के लिए मनाने में बहुत समय लगा क्योंकि वह इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्हें कप्तान बनाने में हम सभी को बहुत मेहनत करनी पड़ी और मैं उनके नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट की प्रगति को देखकर बहुत खुश हूं।''

गांगुली ने कहा कई बार आईपीएल खिताब जीतना बहुत ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि यह टूर्नामेंट काफी लंबा चलता है। गांगुली ने कहा, ''रोहित के नाम पांच आईपीएल खिताब जीतने का रिकॉर्ड है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। आईपीएल जीतना कभी-कभी अधिक कठिन होता है। मुझे गलत मत समझिए, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आईपीएल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बेहतर है।'' उन्होंने कहा, ''आपको आईपीएल जीतने के लिए 16-17 (12-13) मैच जीतने होते हैं। यहां आपको विश्व कप जीतने के लिए आठ - नौ मैच जीतने होंगे। विश्व कप जीतने पर अधिक सम्मान मिलता है और मुझे उम्मीद है कि रोहित कल ऐसा करेंगे।'' गांगुली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह सात महीने के अंदर विश्व कप के दो फाइनल हारेंगे। अगर वह सात महीने में अपनी कप्तानी में दो फाइनल हार जाते हैं तो वह शायद बारबाडोस महासागर में कूद जाएंगे। उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, शानदार बल्लेबाजी की और मुझे उम्मीद है कि यह कल भी जारी रहेगा।

# शेफाली वर्मा टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली महिला बनीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गयी।

बीस साल की शेफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेल्मी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली से दिन के खेल के बाद जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें पता था कि महिला टेस्ट में भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर क्या है तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, अगर मुझे पता होता, तो मैं और रन बनाने की कोशिश करती। मैं हर उस गेंद पर रन बनाना चाहती थी जो मेरी पहुंच में था।

### मेरे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर, शेफाली ने अपनी रिकॉर्डतोड़ पारी पर कहा

**चेन्नई/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में रिकॉर्ड 205 रन बनाने वाली शेफाली वर्मा ने इस पारी को अपने जीवन की अनमोल धरोहर बताया है ।

बीस साल की शेफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर आस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनीं। शेफाली ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मेरे लिये यह खास पल है और अब ताउम्र यह अनमोल धरोहर रहेगी



। यह अंडर 19 विश्व कप खिताब के बाद मेरी दूसरी सबसे पसंदीदा पारी है ।'' उन्होंने कहा ,'' दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में अच्छी शुरूआत को मैं बड़ी पारियों में नहीं बदल सकी लेकिन आज मैने शुरू ही से अपना समय लेकर खेला । अपनी ताकत पर भरोसा रखा और ईश्वर की कृपा से यह पारी खेल सकी । यह मेरी कड़ी मेहनत का फल है और मुझे टीम के लिये योगदान देने की खुशी है ।'' इंग्लैंड के खिलाफ तीन साल पहले 96 रन बनाने वाली शेफाली ने स्वीकार किया कि 90 पार करने के बाद वह नर्वस हो रही थी । उन्होंने कहा ,'' 96 रन पर आउट होना कौन भूल सकता है । मुझे भी याद था । मैं बस वो चार रन बनाने के बारे में सोच रही थी । 200 रन के करीब पहुंचकर भी ऐसा ही लगा ।''

## सुविचार

**ज़िन्दगी एक अध्यापक से ज़्यादा सख्त होती है, अध्यापक सबक़ देकर इम्तिहान लेता है और ज़िन्दगी इम्तिहान लेकर सबक़ देती है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जवाबदेही सुनिश्चित करें

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-1 पर हुआ हादसा कई सवाल खड़े करता है। राष्ट्रीय राजधानी के हवाईअड्डे पर इतना बड़ा हादसा कैसे हो सकता है, जबकि अभी तो मानसून शुरुआती दौर में है? हवाईअड्डों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ नियम होते हैं। समय-समय पर उन्हें जांचा-परखा जाता है। क्या संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का इस ओर ध्यान नहीं गया? हादसे के बाद सोशल मीडिया पर जैसी तस्वीरें साझा की जा रही हैं, उन्हें देखकर तो यही लगता है कि कहीं कोई बड़ी चूक हुई है। अन्यथा छत का इतना बड़ा हिस्सा कैसे गिर सकता है? हादसे के बाद बड़े-बड़े अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। यह दिखाया जा रहा है कि वे लोगों की सुरक्षा को लेकर सच में बहुत गंभीर हो गए हैं। अगर अधिकारी एक चौथाई गंभीरता भी पहले दिखा देते तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता। प्राय: हादसों के बाद जनाक्रोश को शांत करने के लिए मुआवजे की घोषणा कर दी जाती है। मुआवजा जरूर देना चाहिए, लेकिन क्या इतना कर देना काफी है? देश के एक-एक नागरिक की जान अनमोल है। उसकी कीमत कुछ लाख रुपयों में नहीं आंकी जा सकती। सुनिश्चित यह करना होगा कि सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन किया जाए, लोगों के जीवन को अधिक सुरक्षित बनाया जाए, मुआवजे की नौबत ही न आए। बात सिर्फ एक हवाईअड्डे की या एक शहर की नहीं है। देशभर में रोजाना हादसे होते हैं, जिन्हें थोड़ी-सी गंभीरता दिखाते हुए टाला जा सकता है। अब तो यह हर साल का किस्सा बन गया है कि सर्दियों के मौसम के बाद जैसे ही गर्मी बढ़ती है, पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। अधिकारी बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जनता की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं लेतीं। यह नालियों, तालाबों, जलाशयों, झीलों आदि की सफाई करने के लिए उपयुक्त समय भी होता है। इस दौरान मैनहोल की सफाई, मरम्मत करनी चाहिए। उनके ढक्कन आदि बदलने चाहिएं। सार्वजनिक इमारतों की दीवारों, छतों का निरीक्षण करना चाहिए। जहां कहीं बिजली के तारों से लोगों की सुरक्षा को खतरा हो, तुरंत जरूरी कदम उठाने चाहिएं। दुर्भाग्य की बात है कि ऐसा होता नहीं है।

जैसे ही मानसून शुरू होता है, सड़कें दरिया बन जाती हैं। कहीं नालियां उफनती हैं, कहीं मैनहोल गंदगी उगलते हैं। ऐसे हालात में कोई व्यक्ति सड़क पार करे तो अपने जोखिम पर करे। आम आदमी नाली में गिर जाए और टांग टूट जाए, पानी से लबालब गड्ढे में गिरे और माथा फूट जाए तो वह शुक्र मनाता है कि इतने में ही बला टल गई! हर साल कितने ही लोग ऐसी जगहों पर गिरने, डूबने, करंट लगने जैसी घटनाओं में जान गंवा देते हैं। जब मीडिया ऐसे मामलों को उठाता है तो संबंधित अधिकारियों को 'कुछ सक्रियता' दिखानी पड़ती है। वे एक-दो कर्मचारियों को निलंबित करने का आदेश देते हैं। मुआवजे की घोषणा कर दी जाती है। नेता आरोप-प्रत्यारोप में लग जाते हैं। मामला ज्यादा तूल पकड़ता है तो जांच कमेटी बना दी जाती है। थोड़ी सख्ती दिखाई जाती है। दो-चार दिन बाद सबकुछ उसी पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। कुछ समय बाद निलंबित कर्मचारी बहाल हो जाते हैं। फिर एक और हादसे का इंतजार होता है! देश में आम आदमी की जान कितनी सस्ती है! जिम्मेदारों को थोड़ी तो संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। कहीं गड्ढों में गिरकर लोग जान गंवा रहे हैं, कहीं करोड़ों के पुल ताश के महल की तरह गिर रहे हैं, कहीं आते-जाते लोग करंट के शिकार हो रहे हैं, कहीं छतें गिर रही हैं, कहीं लोग अग्निकांड में काल के ग्रास बन रहे हैं ... समय रहते ऐसे हादसों को टालने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए जाते? क्या इस बात की गुप्त प्रतिज्ञा कर रखी है कि आग लगने पर ही कुआं खोदेंगे? यह उदासीनता, यह निष्क्रियता, यह लापरवाही, आखिर क्यों? क्या इसलिए, क्योंकि ऐसे ज्यादातर हादसों में जान तो आम आदमी की जाएगी? प्राय: लोग शिकायत करते हैं कि वे सड़क का बल्ब बदलने के लिए भी कहें तो कर्मचारी उसमें कई दिन लगा देते हैं। हां, बात जब 'दरियादिली' की हो तो वह भी खूब दिखाते हैं ... कई शहरों में चिलचिलाती धूप में सड़क की बत्तियां घंटों जलाकर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था कर देते हैं! यह रवैया बदलना होगा। जनता को आवाज उठानी होगी। जनप्रतिनिधियों से सवाल करने होंगे। सरकार को सक्रियता दिखानी होगी। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर नजीर पेश करनी ही होगी। हादसे को टालने की कोशिश होनी चाहिए। उसमें किसी की भी जान नहीं जानी चाहिए।



जयपुर स्टेट के सवाई मान गार्ड को 1951 में 17वीं बटालियन के रूप में भारतीय सेना में मिला लिया गया था। सवाई मान गार्ड की स्थापना, मेरे दादोसा महाराजा सवाई मान सिंह जी द्वितीय ने सितम्बर 1, 1934 को की थी और वे इसके पहले कर्नल और कमांडिंग ऑफ़िसर भी थे।



सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के ध्येय पथ पर अग्रसर... सुशासन को समर्पित प्रदेश सरकार ने पांचवें एवं छठे वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में क्रमश: 16 प्रतिशत एवं 9 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया है

**-भजनलाल शर्मा**



कर्नाटक के हावेरी में हुए सड़क हादसे की दु:खद सूचना प्राप्त हुई। मैं ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। अपार दु:ख की इस घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

**-राज्यवर्धन सिंह राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# शिक्षा का महत्व

एक मल्लाह था। वह यात्रियों को बिठाकर पार ले जाता और उतर जाने पर किराया मांगता। इस पर आए दिन झंझट होता। एक दिन एक संत उसकी नाव में पार उतरे। रास्ते में उन्होंने उसे दो शिक्षाएं दीं। एक तो यह कि यात्रियों को चढ़ाने से पहले ही किराया वसूल कर लिया करे और बात-बात में आवेश में न आया करे। वार्ता करते रास्ता कट गया। मल्लाह ने संत से किराया मांगा, तो उन्होंने कहा, 'उनके पास तो कुछ भी नहीं है। जो शिक्षाएं दी हैं, वे कम मूल्यवान नहीं हैं।' मल्लाह ने कहा, 'मुझे शिक्षा नहीं पैसा चाहिए।' झगड़ा बढ़ने लगा। समाचार राजा तक पहुंचा। राजा ने सैनिकों को भेजा और मल्लाह को जेल भिजवा दिया। संत ने उसे जाकर छुड़ाया और समझाया कि जो दो शिक्षाएं उसे दी थीं, वे उसे आर्थिक लाभ भी देंगी और हानियों से भी बचाएगी। मल्लाह की समझ में अब वे शिक्षाएं आईं और उसके अनुसार आचरण करके सुखी रहने लगा।

## सामयिक



**"इतिहासकारों ने लिखा कि भामाशाह के चरित्र, गुणों और कार्यों की विशेषताओं का वर्णन इतिहास का एक अविस्मरणीय पृष्ठ है। डॉ. कालिका रंजन कानूनगो ने कहा - 'सम्पूर्ण राजपूताने में भामाशाह का नाम उतने ही प्रेम और सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है, जिस प्रकार महाराणा प्रताप का।' हिन्दी के महान कवि बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कविता में लिखा कि जिस धन के लिए पति-पत्नी, पिता-पुत्र, भाई-भाई और मित्र-मित्र लड़-झगड़ कर सम्बन्ध विच्छेद कर देते हैं, उस धन को भामाशाह ने वणिक होते हुए भी बिना गिने देश की रक्षार्थ समर्पित कर दिया।**

# त्याग और तलवार के धनी मेवाड़ उद्धारक भामाशाह

डॉ. दिलीप धींग
दूरभाष: 9952048107

यह वह समय था जब बाहरी आक्रमणों से मेवाड़ के खजाने खाली हो चुके थे और आन्तरिक स्थिति बिगड़ चुकी थी। मुगलों के संघर्ष काल में सुरक्षा और मुगलों को रसद न पहुँचे, इस दृष्टि से महाराणा प्रताप के आदेशानुसार मेवाड़ क्षेत्र की बस्तियों को खाली करके उन्हें जंगलों और पहाड़ों में स्थानान्तरित कर दिया गया था और मैदानी क्षेत्र में खेती न करने के आदेश प्रसारित किये गये थे। इस दौरान कई व्यापारिक मार्ग भी बन्द करने पड़े थे। इन कार्यवाहियों से मेवाड़ राज्य की आय के स्रोत कम हो गये थे। इस संबंध में राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव डॉ. लक्ष्मीनारायण नंदवाना ने लिखा कि मुगलों के युद्धोन्माद से मेवाड़ की आर्थिक व सैन्य स्थिति बिगड़ गई, राजकोष खाली हो गया, धन-जन की हानि हो गई और ऐसी विषम स्थिति में भामाशाह ने अपने पास का सम्पूर्ण धन महाराणा प्रताप को मेवाड़ की अस्तित्व-रक्षा के लिए अर्पित कर दिया। त्याग व दान की भामाशाह जीवन्त मूर्ति थे। जैनधर्मावलम्बी उदार धार्मिक सहिष्णु भामाशाह और उनके अनुज ताराचन्द ने मेवाड़ के गौरव और सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपनी कारगर भूमिका का निर्वाह किया है।

संकटकाल में देश की रक्षार्थ भामाशाह द्वारा अपनी विपुल निजी सम्पत्ति महाराणा को समर्पित करने के कारण मेवाड़ में इनके वंशज को सर्वप्रथम तिलक किया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त भामाशाह के पिता भारमल्ल कावड़िया चित्तौड़गढ़ की रक्षार्थ लड़ाई में शहीद हो गये थे। भामाशाह के पुत्र जीवाशाह और पौत्र अक्षयराज को भी मेवाड़ का प्रधानमंत्री बनाया गया था। इस प्रकार एक ही वंश की चार पीढ़ियों ने निरन्तर निष्ठापूर्वक देश की सेवा की। भामाशाह के जीवन के अनेक प्रसंग उनकी दानशीलता को सिद्ध करते हैं। वे उनके जीवनकाल में ही उदार दानवीर के रूप में प्रसिद्ध हो चुके थे। वे मुक्त हस्त से कवियों, जरूरतमंदों और अन्य लोगों को धन दिया करते थे। कला और साहित्य को उन्होंने और उनके भाई ताराचन्द ने बहुत प्रोत्साहित किया। उन्होंने कई बार महाजनों को भोज दिया। उन्होंने कई बार बावनियाँ (बावन गाँव) जिमाई और कई बार ब्राह्मणों को चौरासियाँ जिमाई। डॉ. मोहनलाल जिज्ञासु ने लिखा है- एक बार भामाशाह ने प्रताप को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया, जिसमें सब ओसवालों को न्यौता दिया था। इसमें निमंत्रण पाकर कवि शंकर बारहठ भी सम्मिलित हुए थे। भामाशाह ने कवि को इस अवसर पर एक अमूल्य रत्न भेंट किया। इस सम्बन्ध में कवि का एक दोहा प्रचलित है - 'भोमे जग जिमाड़ियो, नेवतरिया नव खण्ड। सिर तपिया वासक तण, काजलियो ब्रह्मण्ड।'

मेवाड़ के कुछ लोगों व सामन्तों को राज्य की आर्थिक विपन्नता की आशंका थी। उनकी आशंका का निवारण करने के लिए एक बार भामाशाह ने उदयपुर में फतहसागर झील के किनारे पर्वत पर मुख्य सामन्तों को मंत्रणा के लिए बुलाया और भोज दिया। भोजन पत्तल-दोने में करवाया गया। भामाशाह ने उस भोज में प्रत्येक सामन्त के एक एक दोने में असली मोती परोसे और यह सन्देश दिया कि देश के लिए धन का अभाव नहीं होने दिया जाएगा। भामाशाह द्वारा मोती परोसे जाने के कारण वह पर्वतीय स्थल आज भी मोती मगरी के नाम से जाना जाता है, जहाँ महाराणा प्रताप स्मारक बना हुआ है।

इतिहास साक्षी है कि भामाशाह की दानवीरता उनके जीवनकाल में ही चर्चित, प्रशंसित और प्रसिद्ध हो चुकी थी। इतिहासकार अगरचन्द नाहटा के संग्रह में सुरक्षित भामाशाह सम्बन्धित एक गीत की आखिरी दो पंक्तियों से भी यह बात सिद्ध होती है - 'भारमलोत तणो भर मंडल, स सबुद अचल जयै संसार। सारंग जबड़ बे सांभ रिवा, दीठौ भामौ जग दातार।'

इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड ने लिखा कि धन के अभाव में प्रताप द्वारा स्वतंत्रता का संघर्ष जारी रखना संभव नहीं था और वे देश छोड़कर अरावली की पर्वतमालाओं को पार कर सिंध तक पहुँच गये थे। उन विकट घड़ियों में भामाशाह ने प्रताप को अपना इतना निजी धन समर्पित किया, जिससे पच्चीस हजार सैनिकों और व्यक्तियों का बारह वर्षों तक बिना ब्याज खर्च चल सके। वह धन ऊँटों, गाड़ियों और घोड़ों पर लाद कर लाया गया था। डॉ. महेन्द्र भानावत ने लिखा कि है "कोई ऐसा उदाहरण अन्यत्र, न केवल भारत अपितु पूरे विश्व इतिहास में, जब किसी मंत्री ने देश बचाने के खातिर देश छोड़कर जाने वाले अपने स्वामी को अपने द्वारा अर्जित इतनी बड़ी राशि का एक मुश्त हस्तान्तरण कर दिया हो।" रामवल्लभ सोमानी ने लिखा - "अगर यथासमय धन की सहायता भामाशाह परिवार नहीं देता तो संभवत: प्रताप मेवाड़ छोड़कर चले जाते। यहाँ का इतिहास कुछ और ही होता।"

भामाशाह महान देशभक्त और उच्च चरित्र के धनी महापुरुष थे। राष्ट्र की सेवा में उन्होंने तन, मन, धन, जीवन और सर्वस्व समर्पित कर दिया था। उनकी दानशीलता का मूलाधार उन्हें विरासत में प्राप्त संस्कार थे, जो जैन धर्म से उन्हें मिले। भामाशाह अपने समय के समर्थ, सम्पन्न और धनी व्यक्ति थे। उनके पिता भारमल्ल कावड़िया भी धनी, कर्तव्यनिष्ठ और देशभक्त थे। आगम ग्रन्थों में स्वर्ण सिक्कों के लिए केवड़िक, केवड़िग जैसे शब्दों का प्रयोग मिलता है। यह बहुत संभव है कि केवड़िक सिक्कों की प्रचुरता के कारण कावड़िया' गौत्र का उद्गम हुआ हो। भारमल्ल की अकूत आर्थिक सामर्थ्य और निष्ठा के कारण ही राणा सांगा ने उन्हें रणथम्भोर का किलेदार बनाया गया था। जब तक भारमल्ल रणथम्भोर के किलेदार रहे, तब तक रणथम्भोर पर मुगलों का आधिपत्य नहीं हुआ। राणा उदयसिंह ने भारमल्ल को 1553 ई. में एक लाख के पट्टे की जागीरी दी, उसकी एक वजह भारमल्ल की सुदृढ़ आर्थिक सामर्थ्य भी थी।

नागपुरीय लुंकागच्छ की पट्टावली में भारमल्ल को अठारह करोड़ की धनराशि का स्वामी बताया गया है। स्वयं भामाशाह को उनके विवाह के उपलक्ष्य में अठारह करोड़ की सम्पुत्ति प्राप्त हुई थी। किसी धनी-मानी व्यक्ति को ही विवाह के उपलक्ष्य में इतनी विपुल सम्पदा प्राप्त हो सकती है। भामा नाम के साथ शाह" शब्द का प्रयोग भी उनकी सम्पन्नता और उदारता का द्योतक है।

भामाशाह का अपना स्वतंत्र रत्न व्यवसाय भी था। वे हीरे जवाहरात के माने हुए पारखी थे। पास और दूर दराज के जौहरियों, सेठों और व्यापारियों से उनके अच्छे व्यापारिक रिश्ते थे। चित्तौड़ के किले पर मोती बाजार के व्यापारी भी भामाशाह से हीरे जवाहरात खरीद कर बेचते थे। किले पर भामाशाह की हवेली देखने से पता चलता है कि उसके तलघर में और अन्य जगहों पर अनेक खजाने थे। यहाँ तक हवेली के छत के नीचे गोलाई में भीतर की ओर बनी पुतलियों में भी रत्न, जवाहर और मोती भरे रहते थे। स्पष्ट है कि भामाशाह विपुल सम्पत्ति के स्वामी थे। लेकिन उन्होंने अपने आप को उस धन का न्यासी ही समझा और आवश्यकता पड़ने पर सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

इतिहासकार डॉ. राजेन्द्र प्रकाश भटनागर ने लिखा - भामाशाह ने मेवाड़ के दुर्दिनों के काल में साहस और धैर्य से काम लेते हुए महाराणा प्रताप के एक आदर्श विश्वसनीय मित्र और सहयोगी के रूप में अपनी निजी अपार संपत्ति भेंटकर उच्चकोटि की देशभक्ति और स्वामीभक्ति का परिचय दिया, जो अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने लिखा- भामाशाह ने अपनी स्वयं की अर्जित पारिवारिक विशाल सम्पत्ति को ले जाकर महाराणा प्रताप को सहर्ष भेंट कर दिया था और उसे मेवाड़ के पुनः उद्धार-स्वतन्त्र करने के लिए प्रेरित किया। देशभक्त, कर्मवीर, मेवाड़ उद्धारक भामाशाह का नाम इसी कारण अमर हो गया।

उदयपुर में मोती मगरी स्थित भामाशाह की प्रतिमा के साथ लगे परिचय में लिखा है- भामाशाह अपने उज्वल चरित्र, आदर्श विचार, देशभक्ति, सुवित्त प्रशासक, चतुर राजनीतिज्ञ, विश्वसनीय सलाहकार, सक्षम व दूरदर्शी व्यवस्थापक, साहसी एवं कुशल योद्धा, बलिदानी, दानवीर एवं देशभक्त के रूप में पहचाने जाते हैं। भामाशाह दानवीर तो थे ही, युद्धवीर भी थे। वे त्याग और तलवार, दोनों के धनी थे। इतिहास प्रसिद्ध हल्दीघाटी युद्ध में भामाशाह और ताराचंद ने सेनापति का दायित्व निभाया। जिस मोर्चे पर वे थे, वहाँ से मुगल सेना पाँच-छः कोस तक भागती रही। युद्ध में घायल प्रताप को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने में भी इन दोनों भाइयों की अहम भूमिका रही। इतिहास में 'मेराथन' के नाम से प्रसिद्ध दिवेर युद्ध विजय में भी भामाशाह और उनके भ्राता ताराचन्द की प्रमुख भूमिका रही थी। बताया जाता है कि अनुज ताराचन्द भी कम उम्र में ही देश के लिए लड़ते हुए शहीद हो गये थे।

"कम्मे सूरा सो धम्मे सूरा" की उक्ति को साकार करने वाले भामाशाह का धर्म प्रेम भी अप्रतिम था। वे उदार धार्मिक सहिष्णु थे। अकबर के वैभवशाली जीवन के प्रलोभन को ठुकराकर उन्होंने सादगी, संयम, त्याग और संघर्ष का जीवन जिया। 53 वर्ष की आयु में उदयपुर में भामाशाह का निधन हो गया। भामाशाह का मेवाड़ में कितना सम्मान था, इस बात का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनका अन्तिम संस्कार उस स्थान पर हुआ, जहाँ मेवाड़ के महाराणाओं का अन्तिम संस्कार किया जाता था। महाराणा अमरसिंह की छतरी के सामने भामाशाह की छतरी (समाधि) उदयपुर में आहाड़ स्थित महासतियाँ में बनी हुई है।

इतिहासकारों ने लिखा कि भामाशाह के चरित्र, गुणों और कार्यों की विशेषताओं का वर्णन इतिहास का एक अविस्मरणीय पृष्ठ है। डॉ. कालिका रंजन कानूनगो ने कहा - "सम्पूर्ण राजपूताने में भामाशाह का नाम उतने ही प्रेम और सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है, जिस प्रकार महाराणा प्रताप का।" हिन्दी के महान कवि बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कविता में लिखा कि जिस धन के लिए पति-पत्नी, पिता-पुत्र, भाई-भाई और मित्र-मित्र लड़-झगड़ कर सम्बन्ध विच्छेद कर देते हैं, उस धन को भामाशाह ने वणिक होते हुए भी बिना गिने देश की रक्षार्थ समर्पित कर दिया। सोलहवीं सदी से आज तक देश दुनिया में भामाशाह अपरिग्रह, दान, दानवीरता और उदारता के पर्याय बने हुए हैं। कवि पं. नरेन्द्र मिश्र के शब्दों में - वह दानवीर इस मेवाड़ पगड़ी का मान बन गया है। सर्वस्व त्याग का कालजयी पावन सम्मान बन गया है।

## नजरिया

# भाजपा की हार में मध्यम वर्ग की बड़ी भूमिका

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता हासिल नहीं होने के पीछे अनेक कारणों में से एक कारण मध्यम वर्ग की उपेक्षा का भी बताया जा रहा है। यह वर्ग भाजपा का कोर वोट मना जाता है। इसमें अधिकतर स्वर्ण जातियां शामिल है। जाटों ने जहाँ एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ अपना वोट डाला वहीं राजपूत भी उदासीन रहे। पिछड़े वर्ग के वोटों का विभाजन भी भाजपा के हार का कारण बना। बनारस में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को आशा के अनुरूप वोट नहीं मिलने का एक सबसे बड़ा कारण मध्यम वर्ग की उदासीनता को भी माना जा सकता है। महंगाई और बेरोजगारी का सबसे अधिक सामना इसी वर्ग को करना पड़ता है। मध्यम वर्ग देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाता है। मगर जहां इस वर्ग को सुविधा देने की बात होती है वहां सरकार अपने कदम पीछे कर लेती है। किसानों को आर्थिक सहायता हर माह दी जा रही है मगर मध्यम वर्ग को वंचित किया जाता है। किसानों ने सहायता के बावजूद सरकार का साथ नहीं दिया। आयकर में छूट का मामला हो या कोरोना काल में डीए रोकने की बात हो हर जगह मध्यम वर्ग ही प्रताड़ित होता है।

मध्यम वर्ग सही मायने में यह देश की रीढ़ है। दुनिया में भारत की विकास दर सबसे तेज गति से बढ़ रही है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि देश का मध्यम वर्ग इस आर्थिक विकास को तेज रफ्तार देने का काम कर रहा है। हमारे समाज को सदियों से उच्च, मध्यम और निम्न वर्गों में बाँट कर देखा जाता है। उच्च वर्ग धनिक वर्ग में गिना जाता है जिस पर कोई संकट कम ही आता है। निम्न वर्ग अपने हाल पर मस्त है मगर मध्यम वर्ग पर अपने साथ देश की चिंता का भूत सवार रहता है। देश की आजादी में मध्यम वर्ग की बड़ी भूमिका और योगदान रहा है। मध्यम वर्ग, केवल आर्थिक ही नहीं अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक बदलाव, परिवर्तन, विकास एवं संवृद्धि का वाहक भी होता है। उदारीकरण, बाजारीकरण एवं वैश्वीकरण के दौर में सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग हुआ है। आईएचएस मार्किट की एक रिपोर्ट में माना है कि, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक कारक इसका बड़ा और तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है, जो उपभोक्ता खर्च को चलाने में मदद कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश की कुल जनसँख्या का तीस प्रतिशत भाग अर्थात 40 करोड़ व्यक्ति मध्यम वर्ग के अंतर्गत आते हैं। महंगाई की मार भी यही वर्ग झेलता है। उच्च वर्ग से होड़ करता यह वर्ग अंदर अंदर खोखला होता जा रहा है। कोरोना संकट के कारण अर्थव्यवस्था में आई गिरावट से उबरने के लिए यही वर्ग एकमात्र बलि का बकरा बना है। मध्यमवर्गीय परिवार बुनियादी चीजों जैसे घर, भोजन, कपड़े, शिक्षा, पर्यटन आदि पर अधिक खर्च करते हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवारों का खर्च लाखों करोड़ का है। मध्यम वर्ग ने देश के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। असल में भारत की अर्थव्यवथा की धुरी है यह वर्ग। मध्यम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर होता है और दैनिक जीवन में काफी अनिश्चितता का सामना करता है। लेकिन, वह बेहतर जीवन स्तर की आकांक्षा रखता है। यह ऐसा वर्ग है जो लेता कम और कर के रूप में देश को देता ज्यादा है। अपनी आवश्यकताएं पूरी न होने के बावजूद टैक्स की भरपाई में आगे रहता है।

**कोरोना महामारी ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था बल्कि लोगों की आय पर भी खासा असर डाला है। कोरोना का सबसे बड़ा शिकार मध्यम वर्ग हुआ है। रोजी रोटी छूटने से भारत में लाखों लोग गरीबी के दलदल में आ फंसे हैं। दो पाटों के बीच में फंसे देश के मध्यम आय वर्ग पर पिछले दो साल में कोविड की गहरी मार पड़ी है। महामारी में सबसे ज्यादा नौकरियों से मध्यम वर्ग ने ही हाथ धोया। स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च इस वर्ग ने किया।**

कोरोना महामारी ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था बल्कि लोगों की आय पर भी खासा असर डाला है। कोरोना का सबसे बड़ा शिकार मध्यम वर्ग हुआ है। रोजी रोटी छूटने से भारत में लाखों लोग गरीबी के दलदल में आ फंसे हैं। दो पाटों के बीच में फंसे देश के मध्यम आय वर्ग पर पिछले दो साल में कोविड की गहरी मार पड़ी है। महामारी में सबसे ज्यादा नौकरियों से मध्यम वर्ग ने ही हाथ धोया। स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च इस वर्ग ने किया।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2025-26 तक भारत में मध्य वर्ग की आबादी वर्ष 2015-16 के स्तर से दोगुनी से अधिक बढ़कर 547 मिलियन व्यक्ति (113.8 मिलियन परिवार) होने की संभावना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना की मार से जब देश और दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं पूरी तरह से उबर भी नहीं पाई थीं, उस वक्त हमारे देश का मध्य वर्ग दिवाली के त्योंहार पर जी खोलकर खर्च कर रहा था।

भारतीय व्यापारी परिसंघ के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में दिवाली में लगभग 1.25 लाख करोड़ की बिक्री हुई। इसमें आधे से ज्यादा हिस्सा शहरी मध्य वर्ग का रहा। दिवाली की खरीदारी पर ही जब मध्य वर्ग ने चीन का बहिष्कार किया, तो इससे चीन को लगभग 50,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इससे यह भलीभांति समझा जा सकता है कि आत्मनिर्भर भारत में मध्यम वर्ग के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मंगेशकर परिवार की गायकी भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का भी संदेश देती है : आरएसएस प्रमुख

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि मंगेशकर परिवार की गायकी भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का भी संदेश देती है। पिछले साल सितंबर में 90 साल की हुईं दिग्गज गायिका आशा भोसले पर आधारित पुस्तक 'स्वरस्वामिनी आशा' के विमोचन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि गायकी का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि यह भी है कि इसका समाज पर लाभकारी प्रभाव पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं मंगेशकर परिवार से मिलने से पहले से ही उसका सम्मान करता हूं। उनकी गायकी भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का भी संदेश देती है। इस अवसर पर आशा भोसले ने हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर के साथ अपने जुड़ाव को याद किया। उनके भाई संगीत निर्देशक हृदयनाथ मंगेशकर भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

# नेहरू की तुलना में अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं मोदी : सुधांशु त्रिवेदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच कोई बराबरी नहीं होने का दावा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं'। त्रिवेदी ने यह बात राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष को यह अभी तक समझ नहीं आ रहा है कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के लिए तय किए गये नरेन्द्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से कैसे की जा सकती है क्योंकि दोनों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का अंतर है। त्रिवेदी ने कहा, नेहरू जवाहरात के लाल थे जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं। भाजपा सदस्य ने कहा कि गुदड़ी के लाल ने भारत माता का भाल जिस ऊंचाई पर आज पहुंचाया है, उसके लिए सारा देश उन पर गर्व करता है। त्रिवेदी ने कहा, मोदी जी नेहरू जी की तुलना में अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि दोनों में कोई बराबरी नहीं है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं.. मदन मोहन मालवीय, प्रणब मुखर्जी और पी वी नरसिंह राव को भारत रत्न मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उन्हीं के प्रधानमंत्रियों को भारत रत्न दिया गया।

उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार ने 2030 तक इस श्रेणी की ऊर्जा के लिए 40 प्रतिशत का लक्ष्य रखा था जिसे 2022 में ही हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अब संशोधित लक्ष्य 2030 तक इस स्थापित क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार की इस योजना से लोगों को मुफ्त बिजली मिलने लगेगी और वे इसकी मदद से अपने वाहनों को भी चार्ज कर सकेंगे। उन्होंने 'स्टार्ट अप' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश के 675 जिलों में से 600 जिलों में 'स्टार्ट अप' काम कर रहे हैं। उन्होंने देश में चल रही विभिन्न योजनाओं, विशेषकर पुलों के निर्माण की ओर भी ध्यान दिलाया।

त्रिवेदी ने कहा कि आज देश में रक्षा उत्पादों का निर्यात 18 गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय के अनुसार 500 रक्षा उत्पादों का आयात बंद कर दिया गया है और उनका निर्माण स्वदेश में होगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर फिलीपीन के साथ समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब उनका गृह राज्य उत्तर प्रदेश अवैध हथियारों और अपराधियों के कारण कुख्यात था किंतु आज यही राज्य ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के उपकरण तैयार कर रहा है। भाजपा सदस्य ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स ने सर्वकालिक उच्च लाभ अर्जित किया है।

# जून में करीब पांच अरब लोगों ने भीषण गर्मी का सामना किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारत की 61.9 करोड़ आबादी समेत दुनिया भर में करीब पांच अरब लोगों ने जून में नौ दिन तक जलवायु परिवर्तन के कारण भीषण गर्मी का अनुभव किया। अमेरिका में वैज्ञानिकों के एक स्वतंत्र समूह 'क्लाइमेट सेंट्रल' के नए विश्लेषण से यह जानकारी मिली। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की रिपोर्ट में कहा गया है कि जून में भीषण गर्मी से भारत में 61.9 करोड़, चीन में 57.9 करोड़, इंडोनेशिया में 23.1 करोड़, नाइजीरिया में 20.6 करोड़, ब्राजील में 17.6 करोड़, बांग्लादेश में 17.1 करोड़, अमेरिका में 16.5 करोड़, यूरोप में 15.2 करोड़, मैक्सिको में 12.3 करोड़, इथियोपिया में 12.1 करोड़ और मिस्र में 10.3 करोड़ लोग प्रभावित हुए।

रिपोर्ट में कहा गया, विश्व की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी को 16-24 जून के दौरान अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ा। जलवायु परिवर्तन के कारण भीषण गर्मी की कम से कम तीन गुना ज्यादा संभावना बढ़ गई। 'क्लाइमेट सेंट्रल' के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एंड्रयू पर्शिंग ने कहा, कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस को जलाने की एक सदी से भी अधिक अवधि ने हमें एक खतरनाक दुनिया दी है। गर्मी के इस मौसम में दुनिया भर में भीषण गर्मी की अप्राकृतिक आपदाएं हुई हैं जो कार्बन प्रदूषण बंद होने तक और भी आम हो जाएंगी।

'क्लाइमेट सेंट्रल' का क्लाइमेट शिफ्ट इंडेक्स (सीएसआई) दुनिया भर में तापमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को निर्धारित करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 16-24 जून के बीच, 4.97 अरब लोगों ने कम से कम 3 के सीएसआई स्तर तक की अत्यधिक गर्मी का अनुभव किया, जो दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन ने इन तापमानों के होने की संभावना कम से कम तीन गुना अधिक कर दी है।

## फैमिली आजकल का गाना 'हैना' पर फिदा है अपूर्वा अरोड़ा



मुंबई/एजेन्सी

अपनी बहुमुखी अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा अपनी नवीनतम वेब सीरीज, फैमिली आज कल के गाना 'हैना' पर फिदा है। 'हैना' गाना अभी रिलीज होना बाकी है, लेकिन इसके फैन्स के बीच पहले ही धूम मचा दी है। गाने के लिए अपूर्वा का उत्साह और फैमिली आज कल की कहानी के साथ उनकी गहरी भावनाओं को उजागर करता है। फैमिली आज कल में, अपूर्वा अरोड़ा एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं, जिसे समीक्षकों और दर्शकों दोनों से ही शानदार समीक्षा मिली है। पारिवारिक और सामाजिक पहलुओं को पूरा करने वाली एक आधुनिक युवा महिला ने अपने किरदार के रूप में दर्शकों को प्रभावित किया है, जिसने शो की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सीरीज असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और अपूर्वा के दमदार अभिनय के लिए इसकी प्रशंसा की गई है। अपूर्वा का किरदार, मेहर, इस कहानी के केंद्र में है, जो पारंपरिक चुनौतियों को चुनौती देती हैं और सामाजिक सीमाओं से परे प्यार को रखती है।

## दुनिया में जारी संघर्षों के अंत के लिए पंचशील सिद्धांत प्रासंगिक हैं : शी चिनफिंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वर्तमान समय के संघर्षों के अंत के लिए पंचशील के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए पश्चिमी देशों के साथ चीन के संघर्षों के बीच 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया। शी ने पंचशील के सिद्धांतों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां एक सम्मेलन में यह टिप्पणियां कीं। विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था। चीन में इसे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे तब उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों पर सहमति जताई थी। शी ने कहा, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों ने समय की मांग को पूरा किया और इनकी शुरुआत एक अपरिहार्य ऐतिहासिक घटनाक्रम था। अतीत में चीनी नेतृत्व ने पहली बार पांच सिद्धांतों यानी 'एक-दूसरे की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान', 'गैर-आक्रामकता', 'एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना', 'समानता और पारस्परिक लाभ', तथा 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' को संपूर्णता के साथ निर्दिष्ट किया था।

शी ने सम्मेलन में कहा, उन्होंने चीन-भारत और चीन-म्यामां संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था। इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था।



## सीरीज 'शोटाइम' के सभी एपिसोड 12 जुलाई से स्ट्रीम होंगे

मुंबई/एजेन्सी

सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है।डिज्नी+ हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 'शोटाइम' के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ-साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। स्क्रीनप्ले सुमित रॉय, मिथुन गंगोपाध्याय और लारा चांदनी ने लिखा है, जबकि संवाद जेहान हांडा और करण श्रीकांत शर्मा ने लिखे हैं।

शोरनर एवं निर्देशक मिहिर देसाई ने कहा, 'शोटाइम' के साथ हम हर किरदार के निजी सफर में शामिल होना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि वह क्या-क्या करते हैं। रघु खन्ना बने इमरान हाशमी एक अलग अवतार में दिखाई देंगे। लड़ाइयों में भी उनका अपना जलवा रहेगा और वह उन टूटी चीजों को जोड़ने की कोशिश करेंगे, जो उन्हीं ने तोड़ी थीं। सीरीज में किरदारों का स्तर बस बेहतर ही होता जाएगा, जिसे देखकर आप चकित रह जाएंगे। 'शोटाइम' में ड्रामा, गॉसिप, प्रोड्यूसर्स के झगड़े और वह सब चीजें हैं, जो इंडस्ट्री को ऐसा बनाती हैं। मैं पहले भी कह चुका हूँ कि इसमें इमरान छाये रहेंगे और मैं दर्शकों द्वारा डिज्नी+ हॉटस्टार पर इसे देखे जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

इमरान हाशमी ने कहा, काम करने की किसी भी दूसरी जगह की तरह इंडस्ट्री में भी उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन जब आप असलियतों को समझ जाते हैं, तभी टिके रह पाते हैं। रघु खन्ना एक तरह से करण जौहर है, क्योंकि हर चुनौती से निपटने के लिये रघु का जुनून मुझे हमेशा करण की याद दिलाता है। कभी-कभी मैं सोचता हूं कि यदि इंडस्ट्री में रघु खन्ना जैसे प्रोड्यूसर होते, तो वह कैसी होती? इतने सालों के अपने कॅरियर में मैंने रघु जैसा कोई प्रोड्यूसर नहीं देखा, जो बॉलीवुड के जहर से उभर सका हो। आज के प्रोड्यूसर कलाकारों की चमक-दमक पर काम करते हैं, लेकिन रघु इसके ठीक उलट है। सबसे बड़ा स्टूडियो, यानि अपना 'विक्टोरी स्टूडियोज' किसी बाहरी के कारण खो देने और अपने प्यार यास्मिन (मौनी रॉय) के साथ कड़वाहट के बावजूद रघु की कहानी खत्म नहीं होती है। वह फर्श से अर्श पर पहुँचेगा और अपना हक लेकर रहेगा।

मौनी रॉय ने कहा, 'यास्मिन की कहानी एक मजबूत आईना है, जिसमें दिखता है कि इस बिजनेस में उन कई एक्ट्रेसेस के साथ क्या होता है, जो अपने लिये खड़ी होती हैं। प्रशंसकों और इंडस्ट्री की ट्रोलिंग को तो भूल ही जाइये। यह ट्रोलिंग नहीं तय करती है कि हम कौन हैं, क्योंकि हम एक्टर्स तो दर्शकों का प्यार पाने के लिये जीते हैं और इसीलिये नकारात्मक बातें हम पर असर डालती हैं। सीरीज में यास्मिन लगातार खुद से लड़ती है और मजबूत होकर लौटने की कोशिश करती है। आप यास्मिन और रघु खन्ना के बीच एक नया रिश्ता भी देखेंगे। मुझे स्क्रीन पर यास्मिन का किरदार निभाना अच्छा लगा और मैं उम्मीद करती हूँ कि दर्शक 'शोटाइम' के सारे एपिसोड्स का मजा लेंगे।

## सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



डिज्नी+ हॉटस्टार ने एक्शन से भरपूर सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। कमांडर करण सक्सेना सीरीज में गुरमीत चौधरी, इकबाल खान और हृता दुर्गुले की मुख्य भूमिका है।इस सीरीज में एक निडर रॉ एजेंट की कहानी दिखाई गई है। वह एक खतरनाक राजनीतिक रहस्य को सुलझाने में जुटा है और राष्ट्र को बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगाता है। जतिन वागले द्वारा निर्देशित और कीलाइट प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित कमांडर करण सक्सेना की कहानी एक ऐसे किरदार पर आधारित है, जिसकी रचना जाने-माने राइटर अमित खान ने की है। यह सीरीज 08 जुलाई 2024 को रिलीज होगी। इसे डिज्नी+ हॉटस्टार के मोबाइल ऐप पर फ्री में देखा जा सकता है। इसके नये एपिसोड्स सोमवार से शुक्रवार को रिलीज किये जायेंगे।

निर्देशक जतिन वागले ने कहा, कमांडर करण सक्सेना की कहानी दिलचस्प है,और मैं हमेशा से ही कुछ ऐसा करना चाहता था। अमित खान का किरदार बेहद जीवंत है। हमने बहुत प्यार और पैशन से इसे तैयार किया है और मुझे पूरा भरोसा है कि यह डिज्नी+हॉटस्टार पर हमारे दर्शकों में जोश पैदा करेगा। गुरमीत ने कमांडर करण सक्सेना के किरदार में जान डाल दी है और मैं इस भूमिका में किसी और की कल्पना नहीं कर सकता। मैं दर्शकों के इस सीरीज को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। कमांडर करण सक्सेना का किरदार निभा रहे गुरमीत चौधरी ने कहा,'कमांडर करण सक्सेना मेरे लिये बेहद खास हैं। मैं उन सभी अधिकारियों की सराहना करता हूं, जो पूरे दिल से हमारे राष्ट्र की सेवा करते हैं। इन हीरोज से प्रेरित किसी किरदार को निभाना मेरे लिये बेहद गर्व की बात है। करण का मेरा किरदार समर्पण, कड़ी मेहनत और साहस का प्रतीक है और ये वह गुण हैं, जो मैं हमेशा से अपने अंदर देखना चाहता था। इस किरदार को पर्दे पर साकार करना मेरे लिये उन गुणों को और मजबूत बनाने का सफर रहा है। वह एक ऐसा शख्स है, जो मैं हमेशा से बनना चाहता था। अब ट्रेलर जारी हो चुका है और इसी के साथ मैं दर्शकों के इसे देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। डिज्नी+ हॉटस्टार पर दर्शकों के देखने लायक और भी बहुत कुछ है और सभी लोगों को इसका अनुभव देने का मुझे बेसब्री से इंतजार है।

इकाबल खान ने आईएसआई चीफ नासिर का किरदार निभाया है। उन्होंने कहा, 'ये मेरा अब तक का सबसे खौफनाक और दिलचस्प किरदार रहा है। नासिर बोल्ड एवं अग्रेसिव है और पूरे जोश तथा दृढ़ विश्वास के साथ चलने वाला आदमी है। नासिर के जरिये, मुझे एक ऐसे किरदार को एक्सप्लोर करने का मौका मिला, जो असल जिंदगी में मुझे पूरी तरह से अलग है। यह एक चुनौतीपूर्ण अनुभव था। मेरे निर्देशक जतिन ने इस बात का ख्याल रखा है कि मेरा किरदार वास्तविक और व्यापक हो। यह एक बहुत मुश्किल काम है, जिसके साथ उन्होंने वाकई में न्याय भी किया है। मुझे उम्मीद है कि डिज्नी+ हॉटस्टार के दर्शकों को वो सारी मेहनत नजर आयेगी, जो हमने की है और वे इस सीरीज का आनंद उठायेंगे। यह निश्चित रूप से दर्शकों के दिमाग को झकझोर कर रख देगी।'' हृता दुर्गुले ने कहा, 'कमांडर सक्सेना और मेरे किरदार रचना की कहानी कई तरह से मेरे लिये प्रेरणादायक है। वह मजबूत इरादों वाली एक दमदार महिला है, जो अपराध और हिंसा की दुनिया में डूबी हुई है और किसी भी बाधा से नहीं डरती। बतौर महिला पुलिस अधिकारी, वह न सिर्फ अपने इरादों पर दृढ़ता से टिकी रहती है, बल्कि एक पुरूष प्रधान पेशे में अनापेक्षित ऊर्जा के साथ काम करती है। मैंने जब पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी इस किरदार ने मेरा मन मोह लिया था। ऐसा लगा जैसे उसने मेरे अंदर के एक निडर हिस्से को जगा दिया, जिसके बारे में मैं नहीं जानती थी।



## सेंसर बोर्ड में पास हुयी रत्नाकर कुमार की फिल्म 'जया'

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म जया सेंसर बोर्ड में पास हो गयी है। फिल्म जया पिछले पांच महीनों से सेंसर बोर्ड में अटकी हुई थी, जिसे आखिरकार सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दिखा दी है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से यू/ए सर्टिफिकेट जारी किया हैं। जया में भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और हिंदी फिल्म अभिनेता दया शंकर पांडे पिता और पुत्री की भूमिका निभा रहे हैं।

वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत फ़िल्म जया के निर्माता रत्नाकर कुमार और को प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार हैं, वही इसके निर्देशक धीरू यादव हैं। फिल्म जया में माही श्रीवास्तव, दया शंकर पांडे, सुकेश आनंद, मनु कृष्णा, महेश आचार्य, राम बिलास सिंह, सरिता सिंह, उत्पल सिंह, अभिषेक सिंह हैं।

## 'कल्कि 2898 एडी' के लिए मैंने तुरंत हां कर दी थी : मृणाल ठाकुर

मुंबई/एजेन्सी



नाग अश्विन निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी क्रेज है। फिल्म देखने गए दर्शकों को बड़ा सरप्राइज मिला। मूवी में यूं अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी के अहम रोल हैं, लेकिन इसमें और भी कई स्टार स्पेशल अपीयरेंस में दिखे, जिनमें डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा, फिल्म मेकर एस.एस. राजामौली, एक्टर विजय देवेरकोंडा, दुलकर सलमान और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर शामिल हैं। फिल्म में मृणाल ठाकुर ने एक प्रेग्नेंट लेडी का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि दुनिया दो हिस्सों में बंट चुकी है- काशी और कॉम्प्लेक्स। काशी में दूषित हवा है और गंगा नदी सूख चुकी है। वहीं कॉम्प्लेक्स को स्वर्ग की तरह बनाया गया है जहां साफ हवा, पौष्टिक खाना और पीने का पानी जैसी सारी सुविधाएं हैं। कॉम्प्लेक्स पर राज करने वाला शासक यास्किन (कमल हासन) सर्वशक्तिमान बनने के लिए उन महिलाओं को ढूंढता है, जो गर्भ धारण कर सकती हैं। वह उनकी कोख से निकलने वाले सीरम को अपने अंदर इंजेक्ट करता है। इस कड़ी में उन्हें अदिति नाम की एक लड़की मिलती है, जो गर्भवती होती है। अदिति का यह किरदार मृणाल ने निभाया है। फिल्म में अदिति अच्छाई के लिए लड़ते हुए अपनी जान गंवा देती है। फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस को लेकर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने कहा, जब मुझे 'कल्कि 2898 एडी' के लिए ऑफर आया, तो मैंने हां कहने में एक सेकंड भी नहीं लिया। एक्ट्रेस पहले फिल्म के निर्माताओं अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त के साथ फिल्म 'सीता रामम' में काम कर चुकी हैं। यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही। उन्होंने कहा, मुझे निर्माता अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका पर बहुत भरोसा है। 'सीता रामम' में हमारे बेहतरीन सहयोग ने यह फैसला लेना आसान बना दिया। इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा था। 'कल्कि 2898 एडी' फिल्म हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित है। इसकी कहानी भगवान विष्णु के आधुनिक अवतार के इर्द-गिर्द घूमती है।

## वरुण धवन ने 'बेबी जॉन' में खुद ही किए खतरनाक स्टंट

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। सूत्रों के मुताबिक वरुण ने फिल्म में खतरनाक स्टंट खुद ही किए हैं। एक सूत्र ने कहा, यह क्रिसमस 'बेबी जॉन' के साथ बेहतरीन एक्शन एंटरटेनर होने वाला है। फिल्म में ज्यादातर स्टंट वरुण ने खुद ही किए हैं, जो आपको चौंका देंगे। फिल्म में दमदार एक्शन इसे साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर मूवीज में से एक बनाते हैं। हाल ही में फिल्म को नई रिलीज डेट मिली। यह फिल्म पहले 31 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। मेकर्स ने अपडेट जारी करते हुए बताया कि यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

वरुण ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन' की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'' इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी। इसके अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे।



फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है। फिल्म का निर्माण एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज, सिने1 स्टूडियोज और जियो स्टूडियोज के बैनर तले हो रहा है। इसे प्रिया एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

वरुण धवन को अब से पहले नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रोमांटिक ड्रामा 'बवाल' में देखा गया था, इसमें जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में थीं। यह फिल्म बीते साल 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। उन्होंने हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या' में भी कैमियो किया। वरुण के आगामी प्रोजेक्ट में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और 'सिटाडेल: हनी बनी' भी शामिल हैं।

चेन्नई | शनिवार | 29-06-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

8 दक्षिण भारत राष्ट्रमत

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


जीवन अनिश्चितताओं से भरा लंबा यात्रा-पथ है। यहां किसी के जीवन में कुछ भी घटित हो सकता है। हमारे मन का सोचा हुआ सब सार्थक होगा, यह मानकर चलना बहुत बड़ी भूल है। इसीलिए अच्छे अवसरों का लाभ उठाने का भरपूर प्रयत्न करना चाहिये। जीवन की सफलता का यही मूलमंत्र है। अक्सर देखा जाता है कि लक्ष्मीदेवी तिलक करने द्वार पर आयी और मनुष्य मुंह धोने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा, तब तक लक्ष्मी विदा हो चुकी थी। नीति और धर्मशास्त्रों ने इसे निपट मूर्खता कहा है।



# 700 बच्चों को विशेष नोटबुक एवं पेंसिल किट का वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां सिवांची जैन यूथ फाउंडेशन द्वारा गत दिनों सिवांची भवन में 700 बच्चों को विशेष नोटबुक एवं पेंसिल किट का वितरण किया गया। अध्यक्ष अनिल जीरावला ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत की उन्होंने बताया कि सभी मंडल सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सुचारू रूप से पूरा किया।

सचिव सिद्धार्थ मुनोत ने बताया कि कार्यक्रम में 24 नोटबुक किट के एवं पेंसिल बॉक्स किट के एक लाभार्थी थे। कार्यक्रम में वस्तु वितरण कप्तान रितेश बागरेचा एवं सहवस्तु वितरण कप्तान शेखर चौधरी की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम में मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं सिवांची संघ के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# स्टोवक्राफ्ट ने पिजन ब्रांड के तहत इलेक्ट्रा इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर लॉन्च किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। भारत की अग्रणी रसोई उपकरण निर्माता कंपनी स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने चेन्नई में पिजन ब्रांड के तहत इलेक्ट्रा प्रेशर कुकर लॉन्च किया है जिससे भारतीय महिलाओं को खाना पकाना पहले से अधिक सुविधाजनक एवम सुरक्षित हो गया है। इलेक्ट्रा प्रेशर कुकर को इस तरह से डिजाइन किया गया है जिससे यह प्रत्येक उपभोक्ता की जरूरत को पूरा कर सके यह अपने उपभोक्ताओं को नो मॉनिटरिंग नीडेड फंक्शनैलिटी तथा ऑटो ऑफ फीचर जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। जिससे इसके उपयोगकर्ता एक ही समय में कई कार्य एक साथ कर सकते हैं। यह परंपरागत प्रेशर कुकर के विपरीत कम सिटी की आवाज में काम करता है तथा डीले फंक्शन का प्रयोग करके समय से पूर्व खाना पकाने की सुविधा देता है जिससे यह सुनिश्चित होता है की ताजगी, स्वाद व पोषण से समझौता किए बिना खाना जल्दी तैयार किया जा सके। इलेक्ट्रा इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर के लॉन्च के मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेंद्र गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रा के साथ हम भारतीय रसोईघर में नए मानक स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह अत्याधुनिक उपकरण न केवल सुविधाजनक है वरन इसके माध्यम से हम भारतीय घरों में पाककला के परिदृश्य को बदलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रा हमारी निरंतर खोज तथा उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक तकनीक के साथ सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कंपनी के मुख्य विकास अधिकारी मयंक गुप्ता ने इलेक्ट्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इलेक्ट्रा रसोई तकनीक में एक आदर्श बदलाव है इसमें कई अभूतपूर्व सुविधाये दी गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पाक कला निर्माण की यह नई तकनीक बिना विशेष प्रयास के ही स्वादिष्ट भोजन बनाने के लिए उपभोगकर्ताओं को प्रेरित करेगा। ज्ञातव है कि स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड भारत का एक प्रमुख रसोई उपकरण ब्रांड है जिसकी स्थापना सन 1994 में की गई थी। यह कंपनी अब पिजन, गिलमा ब्लैक एंड डेकर सहित कई ब्रांडों के नाम से हजार से भी ज्यादा रसोई उत्पादों का निर्माण करती है। कंपनी की स्वयं की निर्माण इकाई बेंगलूरु एवं हिमाचल प्रदेश में है कंपनी के पूरे दक्षिण भारत में 200 से अधिक खुदरा स्टोर हैं कंपनी की आगामी वर्षों में तमिलनाडु के अलावा उत्तर भारत में भी अपने खुदरा स्टोर खोलने की योजना है।

## अलंकरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई। यहां के वेपेरी स्थित गुरुश्री शांतिविजय जैन विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन 27 जुलाई को किया या। मुख्य अतिथि विद्यालय के संवाददाता व सचिव डॉ. ज्ञान जैन एवं कोषाध्यक्ष अशोक कानूंगा रहे। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न विभागों से संबंधित जिम्मेदारियाँ अध्यापकगण और विद्यार्थीगण को बैज देकर सौपी गई। सभी सेवा क्लबों आरएसपी, स्काउट एंड गाइड, एनएसएस करूणा क्लब, जेआरसी के कप्तान व सचिव भी चुने गए और उन्हें भी बैज दिए गए। प्राचार्या वी.उमा माहेश्वरी ने सभी को समर्पण, ईमानदारी के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कार्य आप दूसरों से करवाना चाहते हो तो पहले अपने ऊपर उसे लागू करें। सचिव व संवाददाता डॉ. ज्ञान जैन ने सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कानून की वकालत की

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने राज्य में अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने की सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने के लिए शुक्रवार को सख्त कानून की वकालत की। उन्होंने विधानसभा को सूचित किया कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम-1937 में संशोधन किया जाएगा। पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) विधायक जी.के.मणि द्वारा कल्लकुरिची में जहरीली शराब से मौतों का मुद्दा उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र (20 जून) आहूत होने के दिन से ही सदस्य जहरीली शराब के मुद्दे को उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि जान को खतरा उत्पन्न करने वाली अवैध शराब को बनाने और बेचने के अपराध के लिए सजा पर्याप्त और कठोर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस सदन को सूचित करना चाहता हूं कि तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम, 1937 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक कल विधानसभा में पेश किया जाएगा ताकि ऐसे अपराधों के लिए सजा को और अधिक कठोर बनाया जा सके और अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।



# बुरड़ परिवार ने टी दासरहल्ली स्थानक भवन में प्रवचन हॉल का लाभ लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.केशरीमल सुजानमल बुरड़ परिवार के प्रकाश आरती बुरड़ परिवार ने बेंगलूरु के टी दासरहल्ली में निर्माणाधीन स्थानक भवन के प्रवचन हॉल का लाभ लेने की घोषणा की। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ टी दासरहल्ली के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुरड़ परिवार के निवास पर घोषणा होने पर बुरड़ परिवारजनों का सम्मान कर उन्हें प्रवचन हॉल का लाभ लेने के लिए धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सहयोग

मैसूरु के हेल्पिंग हैंड्स जैन संस्था द्वारा इट्टेगुड स्थित गोद लिए सरकारी स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग, किताबें, जूते, मोजे, पानी की बोतलें और स्टेशनरी आदि वितरित की। इस मौके पर संस्था के सचिव आनंद पटवा ने सभी प्रायोजकों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व पार्षद छायादेवी को भी स्कूल भवन को पेंटिंग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर अध्यक्ष महावीर खाबिया, सचिव आनंद राज पटवा, कोषाध्यक्ष राजन बाघमार, प्रोजेक्ट निदेशक प्रकाश गांधी सहित अनेक सदस्य व महिला सदस्याएं उपस्थित थीं।



# हर काल में होता है क्रांतिकारी विचारों का विरोध : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर में शुक्रवार को नजरबाद स्थित आदिश्वर वाटिका के प्रांगण में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि समाज में बहुधा लोग झूठी शान-शौकत, नाम, अभिमान, भाई भतीजावाद और व्यक्तिगत हितों के लिये जीते हैं। ऐसे लोगों को धर्म, अध्यात्म, राष्ट्र या समाज के हितों की चिंता नहीं होती। वे अपने स्वार्थ को महत्वपूर्ण समझते हैं। उनके पास दूरगामी परिणामों का व्यापक चिंतन भी नहीं होता।

यही कारण है कि हर काल में क्रांतिकारी एवं परिवर्तनकारी व्यक्तियों और विचारों का बहुत विरोध होता है। आज की क्या बात करूं, दुनिया ने हर काल में महापुरुषों का भी जमकर विरोध किया । भगवान महावीर के जमाने में उनके 363 विरोधी संगठन थे। उन्होंने कहा कि जीते जी मनुष्य की या उसके क्रांतिकारी विचारों की बहुत कीमत नहीं होती। लोग रूढ़ियों और दूषणों से जकड़े होते हैं। उनका मान सत्य को स्वीकार करने का साहस नहीं करता। दुनिया का यही स्थापित रिवाज है कि वो व्यक्ति के चले जाने के बाद उसके विचारों का मूल्यांकन करती है। क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी विचार कालजयी होते हैं, पर वे तत्कालीन समाज को पचते नहीं, इसलिए हर नई बात या नये व्यक्ति के संबंध में विरोध के सूर मुखर बनते हैं। यह समाज का दुर्भाग्य भी है और लोगों की अज्ञानता भी।

उन्होंने कहा कि झूठ से परे हटकर, स्वार्थ वृत्तियों को कम कर और वास्तविकताओं को स्वीकार कर जब सोचने-समझने का नजरिया बदलता है, तभी क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी विचारों से राष्ट्र एवं समाज लाभान्वित बनते हैं। इस अवसर पर कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान, अशोक दांतेवाड़िया तथा आदिश्वर जैन संघ के रमेश श्रीश्रीमाल ने अपने विचार व्यक्त किये और ऐतिहासिक वर्षावास की रूपरेखा समझायी। गणि पद्मविमलसागरजी ने गुरुवंदना, मंगलपाठ और संकल्प प्रदान करते हुए धर्मसभा का समापन किया।

# ब्रिंदा और दीपा मलिक को 'यूके-इंडिया अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया

लंदन। भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ)' के वार्षिक 'यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024' में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम 'ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उनके के साथ-साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया। मुरुगनाथम के जीवन पर 2018 में अक्षय कुमार की फिल्म 'पैडमैन' रिलीज हो चुकी है।

इस मौके पर बिंद्रा ने उम्मीद जतायी की भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में अच्छा करेंगे। उन्होंने कहा, तोक्यो में हमने सात पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे उम्मीद है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन उससे बेहतर होगा। उम्मीद है कि हम अपनी पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन (स्वर्ण पदक विजेता) को देखेंगे।

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और भारत की पैरालंपिक समिति की पूर्व अध्यक्ष डॉ. दीपा मलिक ने पैरालंपिक के लिए इसी तरह की बातें कहीं। उन्होंने कहा, पैरालंपिक में भारत का पेरिस 2024 में प्रदर्शन तोक्यो से बेहतर होगा। हम अधिक खेल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पिछली बार हमने नौ खेलों में भाग लिया था, इस बार हम 12 खेलों में भाग ले रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।



# दो दिवसीय योग-ध्यान साधना के लिए पिरामिड वैली पहुंची जीतो नार्थ महिलाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर नॉर्थ के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा दो दिवसीय योग-ध्यान साधना शिविर पिरामिड वैली में आयोजित हुआ। प्रशिक्षक कमल कुमार ने सभी सदस्याओं को योग निद्रा ध्यान करवाया एवं बताया कि योग से बड़े से बड़े असाध्य रोग भी दूर होते है।

तनाव मुक्त जीवन से हम खुश और ज़िंदादिल रहते है। संगीतमय योग साधना और साथ-साथ ज्ञान चर्चा ने पिरामिड वैली में सभी को एक सूत्र में बांधे रखा।

अध्यक्षा बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने इस दो दिवसीय गतिविधियों की जानकारी दी। रक्षा छाजेड ने शारीरिक स्वास्थ्य और आहार संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने पर प्रशिक्षण दिया। सह-संयोजिका शिखा तातेड ने ट्रेकिंग का महत्व बताते हुए कहा कि प्रकृति को अपनाने और शारीरिक फिटनेस बढ़ाने के लिए एक स्फूर्तिदायक ट्रेक को सभी आवश्य करे। इस मौके पर बड़ी संख्या में 160महिला सदस्याएं उपस्थित थीं। नार्थ चैप्टर के अध्यक्ष इन्दरचन्द बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया आदि ने शुभकामनाएं दी। संयोजिका रक्षा छाजेड ने संचालन किया। सह-संयोजिका शिखा तातेड ने सभी प्रशिक्षकों का परिचय दिया। पिंकी मेहता, नीता गादिया, जयश्री द्वारा अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया तथा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने सभी का धन्यवाद दिया।

## केम्पेगौड़ा जयंती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के पट्टेगारपाल्या स्थित बालेनेकेरे में राजस्थानी प्रवासियों ने गुरुवार को नाडप्रभु केम्पेगौड़ा की 515वीं जयंती मनाई गई। प्रवासियों ने नाडप्रभु केम्पेगौड़ा की प्रतिभ पर पुष्प अर्पित कर अन्नदान का वितरण किया गया। इस मौके पर देवाराम भायल, नेमाराम सैणचा, गोपाल शर्मा, देवीसिंह राजपुरोहित, ललित बर्फा, प्रकाश प्रजापत, कानाराम भायल, चिमनाराम सोलंकी, रतनसिंह राजपुरोहित आदि मौजूद थे।



# बेंगलूरु एक्स्पो एंड ट्रेड शो का आयोजन 6 जुलाई से

## माइक्रो लैब्स लिमिटेड एक्सपो के मुख्य प्रायोजक हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । स्थानीय ब्यावर संघ और युवा शाखा द्वारा बेंगलूरु एक्स्पो एंड ट्रेड शो का आयोजन 6 और 7 जुलाई को किया जा रहा है। युवा शाखा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक्सपो के मुख्य प्रायोजक माइक्रो लैब्स लिमिटेड है।

सह प्रायोजक कुशल्स फैशन ज्वैलरी समूह संस्थान के साथ गिफ्ट प्रायोजक मयन डायमंड्स कंपनी हैं। महावीर धर्मशाला में आयोजित होने वाले इस एक्सपो में सौ से अधिक स्टाल्स लगाए जा रहे हैं।

मंत्री कुलदीप छाजेड़ ने बताया कि इस शो में अनेकों प्रकार की वैराइटी के साथ कपड़ा, ज्वेलरी, इलैक्ट्रोनिक, ऑटोमोबाइल्स, कॉस्मेटिक्स, रियल एस्टेट, फैशन सामग्री उत्तम ब्राण्ड में उपलब्धता के साथ टेस्टी खाने का भी लुत्फ उठा सकेंगे। एक्सपो के संयोजक प्रतीक गादिया ने बताया कि अधिकांश स्टाल्स की बुकिंग हो चुकी है। संयोजक अरिहंत छाजेड़ ने कहा कि कार्यक्रम के लिए दिलीपकुमार सुराणा को आमंत्रित किया गया, इस मौके पर संघ के अरविन्द कोठारी, दिनेश लोढ़ा भी उपस्थित थे। संयोजक कुनाल मरलेचा और सुनील भण्डारी के साथ टैक्निकल टीम के महावीर गुगलिया, विशाल कोठारी, भरत कोठारी सहित विकास खटोड़, नमित कोठारी, नरेश बोहरा अन्य सदस्य एक्सपो की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# कुमावत समाज क्रिकेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी समिति गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय कुमावत समाज क्रिकेट एसोसिएशन ने कार्यकारिणी समिति में बदलाव करते हुए सुगनराम रेनवाल को अध्यक्ष, बहादुर कुमावत को संरक्षक बनाया। इसके अलावा राकेश मावर व खेताराम रेनवाल को महासचिव, मिथुन टाक व प्रकाश मावर को सचिव, महेन्द्र मालीवाड़ को खेलमंत्री, कालूराम चांदोरा व राकेश गोयल को उपाध्यक्ष, भीखाराम रेनवाल को कोषाध्यक्ष, चेनाराम कुमावत को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी चुने गए है। ज्ञातव्य है कि एसोसिएशन 4 अगस्त को कुमावत प्रीमियर लीग का आयोजन कर रही है।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.